

# हरिभूमि रायपुर भूमि

## फाइव स्टार होटल तर्ज पर 65 कमरों के अतिथिगृह का उद्घाटन

श्रीराम मंदिर के प्रमुख ट्रस्टी ब्रिजलाल गोयल ने प्रेसवार्ता में बताया कि वीआईपी रोड श्रीराम मंदिर में भक्तों की लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए मंदिर परिसर में 65 कमरों वाले फाइव स्टार होटल तर्ज पर अतिथिगृह का निर्माण कराया गया है। इसका शुक्रवार को श्रीरामजी के जन्मोत्सव पर सुबह 11 बजे उद्घाटन किया जाएगा। इससे श्रीराम जी के दर्शन के लिए देश-दुनिया से पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को ठहरने के लिए एक सर्व सुविधायुक्त आश्रय मिल सकेगा।

# श्रीरामजी के जन्म पर प्रज्ज्वलित होंगे 21 हजार दीप, मुंबई के कलाकार करेंगे भव्य आतिशबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर में आज श्रीराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस मौके पर श्रीराम भक्त 21 हजार दीप प्रज्ज्वलित कर महाआरती करेंगे। वहीं मुंबई से पहुंचे कलाकारों द्वारा भव्य आतिशबाजी की जाएगी। इसकी जानकारी श्रीराम मंदिर के प्रमुख ट्रस्टी



बृजलाल गोयल ने प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को सुबह 8 बजे हवन-पूजन, 9 बजे भजन का कार्यक्रम, 12 बजे श्रीरामजी का जन्मोत्सव, 12.15 बजे श्रीरामजी का अभिषेक, 1 बजे प्रसादी वितरण, शाम 7 बजे महाआरती में 21 हजार दीप प्रज्ज्वलित और बांबे के कलाकारों द्वारा आतिशबाजी की जाएगी। इसके साथ ही रात 8 बजे से लव-कुश नाटक का भव्य मंचन होगा।

---

## नवरात्रि विशेष



### नवमीः सिद्धिदात्री

नवम नवरात्रि को देवी माता के मंडपों में सिद्धिदात्री देवी की आराधना होती है। सिद्धिदात्री मां दुर्गा का नौवां स्वरूप है। माता की यह शक्ति सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली है। मार्कंडेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लांघना, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व यह आठ सिद्धियां है। ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में यह संख्या अठारह बताई गई है। सिद्धिदात्री को ही जगत को चलाने वाली देवी कहा गया है। देवी पुराण के अनुसार महादेव ने इनकी कृपा से ही सिद्धियां प्राप्त की थी। इन्ही के कृपा से सदाशिव का आधा शरीर देवी का हुआ है। यह भी कथा है कि मधु-कैटभ के वध के लिए महादेवी ने महामाया फैलाई और उसके अनेक रुप हो गए। भ्रमित दानवों ने पूछा कि देवी जब तुम अकेली हो तो इतनी सारी शक्तियां कौन है। तब देवी ने कहा कि सब मेरी शक्तियां हैं। मुझसे अलग कुछ नहीं है। इतना कहते देवी ने तमाम शक्तियां समेट ली और केवल सिद्धिदात्री मां ही रह गई। ऐसे ही समुद्र मंथन के समय सिद्धिदात्री देवी ने ही असुओं को भ्रम में डाला था। सिद्धिदात्री मां कमला ही धन-धान्य की प्रतीक हैं। मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली है। कमल पुष्प इनका आसन है। देवी के दाहिने तरफ के नीचे वाले हाथ में चंद्र, उपर वाले हाथ में गदा और बांई तरफ के नीचे वाले हाथ में शंख और उपर वाले हाथ में कमल पुष्प है। जगत का कल्याण करने वाली यह देवी नवरात्री की अधिष्ठात्री भी है। सिद्धिदात्री मां के भक्तों की लौकिक-पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाएं पूर्ण होती हैं। सिद्धिदात्री माता का आराधना का मंत्र है-
सिद्धगंधर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।

---

*मशीन ठीक से अपडेट नहीं होने से 80 प्रतिशत दुकानदार बांट नहीं पाए खाद्यान्न*

# पांच दिन बाद खुली दुकानें, पर राशन नहीं मिला साफ्टवेयर में अब भी दिक्कत, हितग्राही परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**हरिभूमि लाइव**

शासकीय उचित मूल्य की दुकानें 5 दिन के बाद खुलीं। दुकानें खुलते ही कार्ड धारकों की दुकानों में भीड़ लग गई, लेकिन साफ्टवेयर ठीक से अपडेट नहीं होने के कारण ज्यादातर दुकानदार गुरुवार को भी खाद्यान्न वितरण नहीं कर पाए। साफ्टवेयर में कई तरह की दिक्कतें आ रही हैं, जिसके कारण ईपॉस मशीन का संचालन करने में दुकानदारों को परेशानी आ रही है। विभागीय सूत्रों के अनुसार सरकारी छुट्टी होने के बावजूद उचित मूल्य की दुकानें खुली रहीं, लेकिन साफ्टवेयर में दिक्कत के कारण राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर में दो लाख से भी कम कार्ड धारकों को खाद्यान्न बांटा जा सका, जबकि अभी ▶▶|शेष पेज 15 पर

### तारीख बढ़ानी चाहिए

35 प्रतिशत से अधिक हितग्राहियों को अभी तक खाद्यान्न वितरण नहीं हो पाया है। साफ्टवेयर अपडेट सहित अन्य त्योहारी छुट्टियों के कारण भी कई दिन दुकानें बंद रहीं। माह खत्म होने तक शत-प्रतिशत हितग्राहियों को खाद्यान्न बांटा जाना संभव नहीं है। छूटे हितग्राहियों का खाद्यान्न लैप्स न हो, इसलिए वितरण की तारीख बढ़ाई जानी चाहिए।

- **नरेश बाफना**, अध्यक्ष, छग पीडीएस संघ

### छुट्टी के कारण एनआईसी दफ्तर बंद रहा, आज सुधार की संभावना

दुकानदारों को ई-पॉस मशीन में आ रही दिक्कत के बाद भी इसे सुधारा नहीं जा सका। इसका एनआईसी का दफ्तर बंद होना है। सरकारी छुट्टी होने के कारण एनआईसी दफ्तर बंद था, जिसके कारण अब साफ्टवेयर में आ रही दिक्कतों को शुक्रवार को ही सुधारा जा सकेगा।



### अपडेट के बाद भी साफ्टवेयर में दिक्कत

एनआईसी ने खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के साफ्टवेयर को अपडेट करने के लिए 21 से 25 मार्च तक 5 दिनों का समय लिया था। इसके कारण ई-पॉस मशीनें भी बंद थीं, जिसके कारण 5 दिन तक प्रदेशभर की उचित मूल्य की दुकानें भी बंद थीं। साफ्टवेयर अपडेट होने के साथ आज से उचित मूल्य की दुकानों में खाद्यान्न का वितरण शुरू होना था, लेकिन दुकानें खुलते ही ई-पॉस मशीनों में कई तरह की दिक्कतें आनी लगीं, जिससे दुकानों में खाद्यान्न लेने पहुंचे हितग्राहियों को बैरंग लौटना पड़ा। हरिभूमि ने राजधानी में आधा दर्जन से अधिक उचित मूल्य दुकानों में जाकर खाद्यान्न वितरण की पड़ताल भी की। इस पड़ताल में पता चला कि साफ्टवेयर को ठीक से अपडेट ही नहीं किया गया है, जिसके कारण हितग्राहियों को खाद्यान्न बांटा नहीं जा सका।

#### केस 1

छत्तीसगढ़ नगर में उचित मूल्य की एक दुकान में सुबह 10 बजे से हितगाहियों की भीड़ लगी रही। दुकान में बैठे कर्मचारी दिनेश कुमार ने बताया कि साफ्टवेयर में आ रही दिक्कत के कारण दोपहर 12 बजे के बाद हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण शुरू किया है।

#### केस 2

छत्तीसगढ़ नगर में ही संचालित एक अन्य उचित मूल्य की दुकान में वितरण बंद मिला। दुकान संचालक लक्ष्मण साहू उस समय दुकान में ताला लगाकर घर जाने की तैयारी में था। दुकान बंद क्यों है, पूछने पर उसने बताया कि ईपॉस मशीन ठीक से काम नहीं कर रही है, और त्यौहार के कारण कर्मचारी भी अवकाश पर है। इस दुकान के बाहर दीवार पर लगा सूचना बोर्ड में 28 मार्च से वितरण की सूचना भी लिखी हुई थी। इससे पता चला कि दुकान शुक्रवार को भी बंद रहेगी।

#### केस 3

अमलीडीह स्थित उचित मूल्य की एक दुकान में सुबह 10.30 बजे से हितग्राहियों की भीड़ लगी रही, लेकिन दोपहर 12 बजे तक खाद्यान्न वितरण का काम शुरू नहीं हो पाया था। दुकान के कर्मचारियों ने बताया कि अपडेट होने के बाद भी ई-पॉस मशीन ठीक से काम नहीं कर रही है, इसलिए खाद्यान्न का वितरण भी नहीं हो पा रहा है।

---

## खबर संक्षेप

### हाईटेक गांजा हाइड आउट प्रकरण का सहयोगी अरेस्ट



**रायपुर।** कोतवाली थाने की पुलिस ने गांजा तस्कर हिस्ट्रीशीटर मुकेश बनिया के सहयोगी तथा हाईटेक गांजा हाइड आउट प्रकरण के मुख्य सहयोगी को गिरफ्तार किया है। हिस्ट्रीशीटर के साथी मनीष वर्मा उर्फ बिज्जू को गिरफ्तार किया गया है। इसके पूर्व पुलिस ने मुकेश बनिया तथा उसके अन्य साथियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से गांजा सहित पैकिंग सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक तराजू, सीसीटीवी कैमरे, वाई-फाई राउटर, मोशन सेंसर जब्त किए थे।

### तेज रफ्तार ट्रक बिजली खंबे से टकराया, ड्राइवर की मौत

**रायपुर।** अमानाका थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार ट्रक के डिवाइडर में लगे बिजली खंबे से टकराने से चालक की मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार रोड एक्सीडेंट में गरियाबांद, मैनपुर निवासी ओमकार मंडावी की मौत हुई है। ओमकार बिलासपुर से सरिया लोड कर दुर्ग खाली करने जा रहा था। इस दौरान बिलासपुर बायपास, अटारी मोड़ के पास तेज रफ्तार ट्रक बिजली पोल से टकरा गया और ओमकार की मौके पर ही मौत हो गई।

---

# मंदा चल रहे पोल्ट्री कारोबार पर अब बर्ड फ्लू की मार!



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिलासपुर में बर्ड फ्लू के कारण पोल्ट्री कारोबार पर दोहरी मार पड़ रही है। एक तो नवरात्रि के कारण पहले ही चिकन का कारोबार कम हो गया था, अब तो कारोबार 20 फीसदी पर सिमट गया है। प्रदेश में हर माह डेढ़ करोड़ किलो यानी रोज पांच लाख किलो चिकन बिकता है, लेकिन यह अब एक लाख किलो ही बिक रहा है। इसमें से ज्यादातर दूसरे राज्यों में जा रहा है। अंडों का कारोबार पहले ही मंदा हो गया है, क्योंकि कुवैत अंडों का जाना बंद होने से प्रदेश से बाहर के राज्यों में अंडों का जाना लगभग बंद हो गया है। छत्तीसगढ़ में पोल्ट्री का कारोबार बहुत बड़ा है। यहां पर चिकन के साथ अंडों का उत्पादन भारी मात्रा में होता है। जहां एक तरफ रोज 80 लाख अंडों का उत्पादन होता है, वहीं रोज पांच लाख किलो से ज्यादा चिकन रोज ▶▶|शेष पेज 15 पर

- रोज पांच लाख किलो चिकन की खपत अब एक लाख किलो पर सिमटी

### रायपुर में फिलहाल असर नहीं

*बिलासपुर में बर्ड फ्लू का मामला सामने आने का रायपुर के साथ अन्य शहरों में कोई असर नहीं हुआ है। लेकिन रायपुर के पोल्ट्री कारोबरी सावधान रख रहे हैं और पोल्ट्री में मुर्गियों की देखभाल ज्यादा की जा रही है। अब तक यहां पर बर्ड फ्लू का कोई संकेत नहीं है। रायपुर से बिलासपुर और बिलासपुर से रायपुर में होने वाला कारोबार जरूर बंद कर दिया गया है।*

### अंडों का धंधा पहले ही मंदा

*अंडों का धंधा पहले ही मंदा चल रहा है। अंडों का कुवैत जाना बंद होने के कारण प्रदेश के अंडे दूसरे राज्यों में नहीं जा रहे हैं। इसी के साथ गर्मी की वजह से खपत भी कम हो गई है। ऐसे में प्रदेश में रोज 25 से 30 लाख अंडे बच रहे हैं जिनको गोल्ड स्टोरेज में रखना पड़ रहा है। आने वाले समय में कोल्ड स्टोरेज में भी स्थान नहीं मिल पाएगा। अंडों की कीमत भी बहुत कम हो गई है। पोल्ट्री में इसके दाम 3.70 रुपए और चिल्हर में पांच रुपए हो गए हैं।*

### खपत वैसे ही अभी कम

पोल्ट्री कारोबारियों के मुताबिक वैसे ही नवरात्रि के कारण इस समय प्रदेश में चिकन की खपत कम है। ऐसे में इस बात का पता चलना मुश्किल है कि बर्ड फ्लू के कारण खपत कितनी प्रभावित हुई है। आमतौर पर हर माह प्रदेश में डेढ़ करोड़ किलो चिकन की खपत होती है। चिकन प्रदेश के शहरों के साथ ओडिशा, मप्र भी जाता है। इस समय नवरात्रि के कारण जहां प्रदेश में खपत 80 फीसदी कम हो गई है, वहीं दूसरे राज्यों में भी चिकन नहीं जा रहा है। कारोबारियों के मुताबिक नवरात्रि के समाप्त होने के बाद एक सप्ताह में स्थिति साफ होगी कि बर्ड फ्लू के कारण कितना कारोबार प्रभावित हो रहा है।

---

# किराया भुगतान में कोताही, शहीद स्मारक परिसर की पांच, पंडरी में तीन दुकानें सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- निगम मुख्यालय बाजार विभाग ने चलाया बकाया किराया वसूली अभियान

निगम मुख्यालय बाजार विभाग ने गुरुवार को टीम प्रहरी के सहयोग से बकाया किराया वसूली के लिए अभियान चलाया। इस मौके पर दुकान का बकाया किराया भुगतान में कोताही बरतने पर शहीद स्मारक परिसर की 5 दुकानें और पंडरी में 3 दुकानों को सील किया। राजकुमार कालेज के पास गुमटियों के संचालकों द्वारा किराया की बकाया



राशि भुगतान के लिए लिखित में एक दिन मोहलत मांगे जाने पर सीलबंदी कार्रवाई रोकी गई। नगर निगम के बाजार विभाग ने दुकानों का किराया भुगतान समय पर नहीं करने वाले दुकानदारों पर कड़ाई बरतनी शुरू कर दी है। निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश और उपायुक्त राजस्व जागृति साहू के निर्देश पर बाजार विभाग के सहायक राजस्व अधिकारी बंशी यादव, राजस्व निरीक्षक आकाश झा की टीम ने बकाया राजस्व वसूली के लिए अभियान चलाया। बकाया राशि जमा नहीं किये जाने पर शहीद स्मारक व्यवसायिक परिसर में दुकानदार दुकान नंबर 28 भारतीय टेलीनेड लिमिटेड बकाया राशि 1,10,082 रुपये, दुकान नंबर 79 गीता ढातवाल बकाया राशि 1,65,776 रुपए, दुकान नंबर 83 भारतीय टेलीनेड कंपनी बकाया राशि 1,10082 रुपये, दुकान नम्बर 84 भारतीय टेलीनेड कम्पनी बकाया राशि 1,10,082 रुपये, दुकान नंबर 119 प्रेमचंद जेठानी बकाया ▶▶|शेष पेज 15 पर

---

*पश्चिमी विक्षोभ द्रोणिका के प्रभाव से फिर बदलेगा मौसम, गर्मी से मिलेगी राहत*

# आज गरज-चमक के साथ पड़ेंगे छींटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बीते 48 घंटों में तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोत्तरी होने के बाद अब इसमें फिर से कमी आ सकती है। हालांकि अधिक उतार-चढ़ाव नहीं आएगा। सामान्य परिवर्तन ही होगा। ऐसा पश्चिमी विक्षोभ द्रोणिका के प्रभाव से होगा। प्रदेश के कुछ हिस्सों में गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना भी इस दौरान रहेगी। वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः मध्य छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है, लेकिन अन्य जिलों में भी इसकी संभावना बनी रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार, एक पश्चिमी विक्षोभ द्रोणिका के रूप में 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर 74 डिग्री पूर्व और 34 डिग्री उत्तर में स्थित है। ▶▶|शेष पेज 15 पर



### ओला वृष्टि भी संभावित

प्रदेश में कुछ स्थानों अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की आशंका भी जताई गई है। इसके अतिरिक्त प्रदेश में एक दो स्थानों पर ओला वृष्टि भी संभावित है। इसके पूर्व प्रदेश के अधिकतर स्थानों में तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया। रायपुर का अधिकतम तापमान 38.3 डिग्री रहा, जो सामान्य से 1.3 डिग्री अधिक है। न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 2.7 डिग्री अधिक 25 डिग्री रहा।

---

## जिला और प्रदेश जल उपयोगिता समिति की बैठकों के बाद पानी छोड़ा जाएगा

# हैंडपंप सूख रहे, पर बांधों में इस बार पानी ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**हरिभूमि सरोकार**

छत्तीसगढ़ के बांधों में इस बार पानी का भराव पिछले दो सालों के मुकाबले काफी अच्छा है। ऐसे में गर्मी में निस्तारी और पेयजल के लिए पानी छोड़ने के संबंध में विभाग की ओर से रणनीति तैयार की जा रही है। प्रदेश में राज्य और जिला स्तर पर जल उपयोगिता समिति का गठन किया गया है, जो उन क्षेत्रों की मांग के आधार पर पानी छोड़ने की अनुसंशा करेगी। मार्च के महीने में कई स्थानों पर हैड़पंप की धार पतली होने के कारण आने वाले माह में ये पानी की किल्लत के संकेत दे रहे हैं।



### गर्मी की शुरुआत में सूखे हैंडपंप

*रायपुर, बिलासपुर, भिलाई और बलरामपुर सहित कई जिलों में भूजल स्तर गिरने से कुएं-हैंडपंप सूख गए हैं और नल-जल योजनाएं ठप होने से लोगों को पानी को की किल्लत हो रही है। यहां पर टैंकरों से नगर निगम के द्वारा पानी की आपूर्ति की जा रही है। राजधानी में डूमरतालाब और अन्य कुछ वार्डों में इस तरह की शिकायतें आई है। अभी कुछ दिनों में मौसम में बदलाव के बाद आने वाले दिनों में तापमान में तेजी से बढ़ोत्तरी होने से स्थिति और क्रिटिकल होने का अंदाज लगाया जा रहा है।*

सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राज्य के 12 बड़े बांधों में 73 और 34 मध्यम बांधों में 70 प्रतिशत जल भराव की स्थिति है। वर्ष 2025 में 49 प्रतिशत और 2024 में 50 प्रतिशत मुकाबले काफी अच्छा है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि अप्रैल से जून माह गर्मी के प्रभाव के कारण पेयजल की कमी को पूरा करने में सहायक होगी। मांग आने पर जिला और प्रदेश जल उपयोगिता समिति के अनुसंशा के बाद बांधों से पानी छोड़ा जाएगा। अधिकारियों का मानना है कि पीक गर्मी के समय पानी छोड़े जाने पर टेल एरिया तक पानी पहुंचाने में सहायक होगी।

### मनियारी में 92 और दुधावा में 90 प्रतिशत पानी

प्रदेश के 12 बड़ बांधों में 74 प्रतिशत जल भराव की स्थिति है। हसदेव बांगों में 68, गंगरेल बांध में 80, तांदूला में 75, दुधावा में 90, सिकासार में 62, खारंग में 82, सोंदूर में 71, मिनीमाता 87, कोडार में 42 और मनियारी में 92, केलों में 60 और अरपा भैंसाझार में 71 प्रतिशत से अधिक जल भराव की स्थिति है, जो पिछले सालों के मुकाबले काफी अच्छी है। सिंचाई विभाग के अधिकारी जल के उपयोग और स्थिति का आकलन कर प्लान तैयार कर रहे हैं।

**खबर संक्षेप**



## कांग्रेस भवन में पार्षद दल की बैठक, बजट को लेकर चर्चा

**रायपुर।** कांग्रेस पार्षद दल की बैठक गुरुवार को राजधानी के कांग्रेस भवन में आयोजित हुई। शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में रायपुर नगर निगम के बजट 2026 को लेकर तैयारी और एजेंडों पर चर्चा की गई। सामान्य सभा की बैठक में कांग्रेसी पार्षदों को विभिन्न एजेंडों पर सदन में सत्ता पक्ष को घेरने और जन हित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने दिशा-निर्देश दिए गए। कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कांग्रेस पार्षद दल की बैठक में सदस्यों को बिंदुवार सुझाव भी दिए। इसके साथ ही पिछले बजट के वादों और दावों पर सशक्त रूप में सवाल उठाने कहा गया। बैठक में नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी,उप नेता जयश्री नायक, रेणु-जयंत साहू, दीप-मनीराम साहू, शेख मुखीर, अर्जुमन-एजाज ढेबर शामिल रहे।

## जूट हस्तशिल्प प्रशिक्षण, प्रतिभागियों को स्वरोजगार की दिशा में मिला नया मार्ग



**रायपुर।** रायपुर के आमानाका स्थित रामशंकर शुक्ल नगर सामुदायिक भवन में तीन दिवसीय जूट हस्तशिल्प विषयक सेक्टर स्पेसिफिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में कुल 36 प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और जूट हस्तशिल्प क्षेत्र में अपने भविष्य को लेकर उत्साह प्रकट किया। यह कार्यक्रम भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान द्वारा रैम्प योजना के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य प्रतिभागियों को कौशल आधारित प्रशिक्षण प्रदान कर स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना है। इस कार्यक्रम का समापन 28 मार्च को किया जाएगा। इस मौके पर जूट हस्तशिल्प विशेषज्ञ मालती महुले ने प्रतिभागियों को जूट उत्पादों के निर्माण, डिजाइन एवं आधुनिक बाजार की मांग के अनुरूप कौशल विकास के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# जिला पंचायत की प्रशासनिक बैठक में सदस्यों ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- कार्यक्रमों की जानकारी तक सभापतियों को नहीं दी जाती
- जिला पंचायत अध्यक्ष भी नहीं करते हस्तक्षेप



जिला पंचायत रायपुर की प्रशासनिक बैठक पिछले दिनों राजधानी रायपुर स्थित जिला पंचायत भवन के सभाकक्ष में हुई। इस बैठक में जहां विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई है, वहीं जिला पंचायत के सभी सभापति सदस्यों ने विभागों के जिला अधिकारियों एवं जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल के प्रति गहरी नाराजगी जताई।

सभापति सदस्यों ने कहा कि विभाग से संबंधित जो भी कार्यक्रम होते हैं, उन कार्यक्रमों की जानकारी तक सभापतियों को नहीं दी जाती, यहां तक की कोई जानकारी मांगी जाती हैं, तो उसे भी दी नहीं जाती। सदस्यों ने कहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष भी उनकी बातों को अनसुना कर इस मामले में कोई हस्तक्षेप नहीं करते, जिससे अब ऐसा लगता है कि सभापति का पद तो उन्हें दे दिया गया है, लेकिन पद के अनुरूप जो सम्मान उन्हें मिलना चाहिए वह मिल नहीं रहा है।

### अधिकारियों के विरुद्ध सीईओ से शिकायत

*बैठक में अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, उपाध्यक्ष संदीप यदु के अलावा जिला पंचायत के सीईओ कुमार बिश्वरंजन के अलावा सभापति सदस्यों में स्वाति वर्मा, सौरभ गुरुजी, सविता चंद्राकर, सरोज चंद्रवंशी, शैल महंत साहू उपस्थित रहे। अन्नू तारक एवं चंद्रकला ध्रुव बैठक में नहीं पहुंचे थे। बैठक में चर्चा के दौरान सभी सभापती सदस्यों ने सीईओ कुमार बिश्वरंजन से भी अपने-अपने विभाग के अधिकारियों के विरुद्ध शिकायत की। उन्होंने कहा कि उनके विभाग के अधिकारियों से कोई जानकारी मांगी जाती है, तो उसे भी दिया नहीं जाता है। सूत्र से पता चला है कि सभापति सदस्यों की शिकायत पर पर सीईओ ने सभी को आश्वस्त किया है कि इस तरह की अगर कोई बात होगी, तो इसकी जानकारी उन्हें दें।*

## किस्तें जारी नहीं होने से आवास का निर्माण रुका

# कोई 70 तो कोई 80 साल से निवास कर रहा, इनकी भी रोकी गईं प्रधानमंत्री आवास योजना की किस्तें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवा रायपुर क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक ग्रामों में कई परिवार ऐसे हैं, जो 70 से 80 वर्षों से निवास कर रहे हैं। इन परिवारों में कई परिवार अपने पुराने कच्चे मकानों को तोड़कर, तो कई परिवार ब्यारा या अन्य जगहों पर खुद का आवास बनाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान का निर्माण करा रहे हैं। इनमें कई परिवार तो आबादी वाले क्षेत्र में मकान का निर्माण करा रहे हैं, लेकिन एनआरडीए ने इन सभी स्वीकृत आवास वाली भूमि को शासकीय तथा एनआरडीए की होना बताते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जारी होने वाली दूसरी किस्तों पर रोक लगवा दी है।

किस्तें जारी नहीं होने से अब इन परिवारों के सपनों का घर भी पूर्ण नहीं हो पा रहा है। कुछ प्रभावित लोगों ने हरिभूमि से बातचीत करते हुए बताया कि उनका परिवार करीब 80 साल से यहां रहता है। पहली किस्त जारी होने के बाद दूसरी किस्त भी जल्द मिलेगी, इस आस में वे अपनी जमा पूंजी भी मकान के निर्माण में लगा चुके हैं। ऐसे में अगर उनका मकान पूर्ण नहीं हुआ या जमीन छीन ली जाती है, तो वे बेघर हो जाएंगे।

**केस 1**

ग्राम बंजारी निवासी रामचरण यादव ने बताया कि उनके परिवार को यहां रहते 80 वर्षों से अधिक समय हो चुका है। उनका कच्चा मकाना था, जिसे पक्का बनाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लिया है। उसका आवास जहां बन रहा है, वह आबादी क्षेत्र है, जहां 40-50 परिवार सालों से रहते हैं। इसके बाद भी उनकी दूसरी किस्त रोक दी गई है।




**केस 2**

दुलार यादव निवासी बंजारी ने बताया कि उनका मकान भी इसी आबादी वाले गांव में स्वीकृत है। पहली किस्त जारी होने के बाद दूसरी किस्त रोक दी गई है। उन्होंने बताया कि मकान का निर्माण तेजी से हो, इसके लिए वह घर की जमा-पूंजी भी इसमें लगा चुका है।

**केस 3**

ग्राम चेरिया निवासी एक ग्रामीण ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि वह भी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान ब्यारा में बनवा रहा है। पहली किस्त के बाद दूसरी किस्त रोक दी गई है।

### भौतिक सत्यापन के बाद पता चला एनआरडीए को हस्तांतरित है जमीनें

जनपद पंचायत सीईओ ने यह भी बताया कि एनआरडीए ने राजस्व विभाग के माध्यम से अपनी जमीन का भौतिक सत्यापन कराया है। इसकी रिपोर्ट 19 फरवरी 2026 को प्राप्त हुई। इस रिपोर्ट में पाया गया कि भेलवाडीह, बेंदरी, केंद्री, चेरिया, बंजारी, उपरवारा, पचेड़ा एवं झांकी अंतर्गत 115 लोगों के आवास जिस जमीन पर बन रहे हैं, वह एनआरडीए की है। इस रिपोर्ट के आधार पर आवास निर्माण पर रोक लगाई गई थी, लेकिन बाद में आबादी क्षेत्र वाले आवासों के निर्माण पर रोक नहीं लगाने का निर्णय लिया है। ये लोग अपना मकान बना सकते हैं।

### आबादी वाले क्षेत्र में आवास पर रोक नहीं

इधर इस मामले में जनपद पंचायत के सीईओ दीपक ठाकुर का कहना है कि आबादी वाले क्षेत्रों में स्वीकृत आवास निर्माण पर रोक नहीं लगाई गई है। यह रोक ऐसे आवासों पर लगाई गई है, जिसकी स्वीकृति आबादी क्षेत्र में नहीं है, या फिर स्वीकृति जहां की ली गई है, निर्माण वहां नहीं कराकर दूसरी जगह पर कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 में नवा रायपुर के इन ग्रामों में लोगों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण के लिए आवेदन किया था। इन आवेदनों के आधार पर इन लोगों का रजिस्ट्रेशन हुआ था। उस समय स्वीकृत किए गए आवासों वाली जमीन एनआरडीए को हस्तांतरित नहीं हुई थी। जमीन हस्तांतरित होने से पहले प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली किस्त जारी हो चुकी थी, जिसके आधार पर संबंधित लोगों ने आवासों का निर्माण कराना भी शुरू कर दिया है।

## ट्रायबल विभाग की लापरवाही है पोर्टा केबिन छात्रावास घटना

**आम आदमी पार्टी ने लगाए प्रशासन पर लापरवाही के आरोप**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बीजापुर जिले के गंगालूर क्षेत्र के पोर्टा केबिन छात्रावास की पढ़ने वाली तीन छात्राएं गर्भवती मामले में आम आदमी पार्टी ने प्रदेश संयुक्त सचिव पूर्णिमा सिन्हा के नेतृत्व में जांच समिति गठित की थी। इसी मामले में जांच समिति के सदस्य और प्रदेश संगठन मंत्री समीर खान, प्रदेश सचिव अनुषा जोसेफ और प्रदेश प्रवक्ता जयदीप खनूजा ने गुरुवार को पत्रकारवार्ता में अपनी रिपोर्ट में बताया कि मामला प्रकाश में आने के बाद शिक्षा और प्रशासनिक विभाग मामले की जांच करने की बजाय लीपापोती करने में लगा हुआ था। गर्भवती तीन छात्राओं में से दो 12वीं की, तो एक 11वीं कक्षा में पढ़ रही हैं। दोनों छात्राएं बोर्ड की परीक्षा देने गई थीं। इस दौरान मामले का खुलासा हुआ था। आप नेताओं ने कहा कि यह घटना छात्रावास में रहने वाली छात्राओं की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल रही है।

### 2 डीईओ होने के बाद भी घटना

छात्रावास की एक बच्ची के साथ ऐसे ही दो बार घटना हो चुकी है। जिले में 2-2 डीईओ होने के बावजूद ऐसी घटना होना चिंतनीय है। वहां अधीक्षक की लापरवाही पाई गई। छात्रावास में कोई अनुशासन नहीं है। वहां के कैमरे भी बंद हैं। छात्रावास मे कोई भी अच्छी सुविधा नहीं है। इसमें ट्रायबल विभाग की भी लापरवाही है। यदि छात्राएं लंबे समय से गर्भवती थीं, तो इसकी जानकारी प्रबंधन को समय पर क्यों नहीं मिली? वहीं स्वास्थ्य विभाग ने मामले की सूचना प्रबंधन को क्यों नहीं दी? इसके पूर्व भी पोर्टा केबिन स्थित इस हॉस्टल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठते रहे हैं। हालांकि अधीक्षक को निलंबित कर दिया गया है, लेकिन पूरे मामले की सरकार को निष्पक्ष जांच करवाना चाहिए और दोषी पाए जाने वाले बड़े अधिकारियों पर भी कार्रवाई हो ताकि आने वाले समय में आदिवासी बच्चियों के साथ ऐसा अन्याय ना हो।

### दीक्षारोहन समारोह आज

**रायपुर।** पतंजलि योग परिवार, जिला रायपुर द्वारा रामनवमी एवं स्वामी रामदेव महाराज के संन्यास दीक्षा दिवस के अवसर पर 27 मार्च को सुबह 10 से 12 बजे तक गायत्री मंदिर परिसर अभनपुर में भव्य दीक्षारोहन समारोह आयोजित किया जाएगा।

## मानातूता जंगल की रक्षा के लिए महाष्टमी पर कन्या एवं पेड़ पूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण एवं जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर शहर की ओर से माना-तूता जंगल की रक्षा के लिए महाष्टमी पर एक अनोखा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में देवी माता के सम्मान में कन्या पूजन किया गया और माता से छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार को सद्बुद्धि प्रदान करने तथा माना-तूता क्षेत्र में फिल्म सिटी के नाम पर हो रही पेड़ों की कटाई तुरंत रोकने की प्रार्थना की गई।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय ग्रामीणों ने पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधकर तथा पूजन कर उनके संरक्षण का दृढ़ संकल्प दोहराया। इस अवसर पर राजेन्द्र पप्पू बंजारे ने कहा, पेड़ हमारे प्राण हैं, इन्हें काटना पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों के साथ अन्याय है। श्रीकुमार शंकर मेनन ने जोर देते हुए कहा, विकास के नाम पर पर्यावरण का विनाश स्वीकार्य नहीं है। पूर्व जिलाध्यक्ष पंकज शर्मा ने भी पेड़ों को मित्र मानकर उनके संरक्षण की अपील की। कांग्रेस पार्टी माना-तूता जंगल बचाओ आंदोलन के माध्यम से लगातार प्रयासरत है कि इस क्षेत्र के हरियाली और जैव विविधता को बचाया जाए। मांग है कि भाजपा सरकार तुरंत पेड़ कटाई रोकें और पर्यावरण अनुकूल विकल्प पर विचार करें।

### सामूहिक भोज का आयोजन

*उल्लेखनीय है कि जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पप्पू बंजारे, जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन तथा जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के पूर्व जिलाध्यक्ष पंकज शर्मा, किरण सिन्हा, कृणाल सिन्हा, गोपाल वाजपेयी, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष हिरेन्द्र देवांगन, तुलेश्वर साहू के द्वारा नवरात्र के पहले दिन पेड़ों की पूजा कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया था। आज महाअष्टमी के दिन कन्या पूजन, पेड़ों का पूजन तथा सामूहिक भोज का आयोजन किया गया।*

# आबकारी विभाग में मैनपावर सप्लाई ठेके में मनमानी का आरोप, बैज ने की जांच की मांग

## छत्तीसगढ़ को भाजपा के नेताओं ने एटीएम कार्ड बना लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ को एटीएम समझ लिया है। अब एक नया खुलासा हुआ है कि सारे नियम कायदे को ताक पर रखकर आबकारी विभाग में मैनपावर सप्लाई का ठेका भाजपा के एक राष्ट्रीय सचिव की कंपनी को दे दिया गया। आबकारी विभाग में मैनपावर सप्लाई का 300 करोड़ रुपए का टेंडर हुआ, जिसमें 148 कंपनियों ने भाग लिया। चयनित कंपनी एसआईएस कैश सर्विसेस लिमिटेड तथा डस्टर टोटल सॉल्यूशन सर्विसेस प्राईवेट लिमिटेड है। दोनों के मालिक भाजपा के राष्ट्रीय सचिव हैं, जो गुजरात से आते हैं। टेंडर की शर्तों में साफ लिखा था कि एक मालिक की दो कंपनी का चयन नहीं हो सकता। ईडी, ईओडब्लू और सीबीआई क्या मैनपावर सप्लाई के ठेके की गड़बड़ी की भी जांच करेगी। राजीव भवन में संवाददाताओं से चर्चा में कहा, पहले खुलासा हुआ कि भाजपा के एक राष्ट्रीय नेता ने छत्तीसगढ़ में सत्ता में रहते हुये लोगों से 1500 करोड़ रुपए मांगा, इसका वीडियो भी वायरल हुआ था। सरकार की तरफ से इस बारे में कोई स्पष्टीकरण नहीं आया। मुख्यमंत्री कार्यालय का सोशल मीडिया देख रहे एक व्यक्ति की गिरफ्तारी की बातें भी खूब चर्चा में थीं। छत्तीसगढ़ से लगातार नोटों से भरी गाड़ी गुजरात के लिये जाते हुये पकड़ाना संयोग मात्र नहीं है। लोग जानना चाहते हैं, गुजरात किसके पास यह पैसा भेजा जा रहा था। इन घटनाक्रमों से साफ हो रहा है कि छत्तीसगढ़ को भाजपा ने एटीएम कार्ड समझ रखा है।

### आम और गृहणी गैस के लिए परेशान

उन्होंने कहा, भाजपा की डबल इंजन की सरकार जनता को गैस नहीं उपलब्ध करवा पा रही। गैस के लिए आम आदमी और गृहणियां परेशान हो रही, ऊपर से केवाईसी का बहाना बना कर लोगों को गैस नहीं दिया जा रहा। सरकार अपनी कमी छुपाने जनता को परेशान कर रही है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार घरेलू गैस की समस्या दूर करने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं कर रही, लोग गैस एजेंसी के सामने लाइन लगाने को मजबूर हो गये हैं।

### प्रदेश में दीनदयाल अफीम संवर्धन योजना चला रही

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, अफीम की अवैध खेती के लिए भाजपा सरकार और सत्ता में बैठे नेताओं के संरक्षण में प्रदेश में दीनदयाल अफीम संवर्धन योजना चला रही है। प्रदेश के कद्दावर मंत्रियों के गृह जिलों में 6 बड़े मामलों का खुलासा हुआ है। पहले दुर्ग के समोदा, फिर बलरामपुर में कुसमी और खजुरी, रायगढ़ जिले के तमनार और लैलूंगा में करोड़ों की अफीम की फसल अचानक नहीं हुई। खुलेआम अवैध नशे की खेती और प्रशासन की खामोशी, बिना सत्ता के संरक्षण के संभव नहीं। सरकार मंत्रियों को उनके गृह जिलों और प्रभार जिलों की अवैध गतिविधियों पर जवाबदेही तय करे।

### निचले स्तर पर संगठन विस्तार का काम प्रगति पर

पीसीसी अध्यक्ष ने बताया कि वर्ष 2026 को कांग्रेस ने राष्ट्रीय स्तर पर संगठन सृजन का वर्ष घोषित किया है। छत्तीसगढ़ में भी संगठन सृजन के माध्यम से जिला अध्यक्षों का चयन किया जा चुका है। ब्लाक, मंडल अध्यक्षों का चयन हो चुका है। 31 मार्च तक सभी जिलों में जिला एवं ब्लॉक की कार्यकारणी का गठन पूरा कर लिया जायेगा। वार्डों, ग्रामों एवं बूथ कमेटियों के पुनरीक्षण का काम चल रहा है। मैंने बस्तर, दंतेवाड़ा, महासमुंद, रायगढ़, जशपुर, अंबिकापुर, सूरजपुर, कोरबा ग्रामीण जिलों का दौरा कर 10 जिलों, 20 विधानसभा क्षेत्र के बूथ, वार्ड, ग्राम कमेटियों के गठन की प्रक्रिया में शामिल हुआ।

### "उद्घोषणा"

क्रमांक 2500/आर.सी./रा.वि.प्रा./2026

रायपुर, दिनांक 25/03/2026

प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक 04 कौशल्या माता विहार (कमल विहार) योजनांतर्गत श्री सुदामा बत्रा पिता स्व. श्री रेलूमल बत्रा को व्यावसायिक (सी.बी.डी.) प्रयोजन के भूखण्ड क्रमांक ए-232 क्षेत्रफल 775.00 वर्गफुट सेक्टर 7बी में आबंटित है। क्रेता श्री राकेश कुमार दुबे पिता स्व. श्री राम भाऊ दुबे निवासी- एनएफ 262, खरसिया रोड, पहाड़ी व्यू बस्ती, पतरापाली रायगढ़ (छ.ग.) द्वारा उक्त भूखण्ड को दिनांक 20.02.2026 पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से क्रय कर उक्त भूखण्ड पर अपना नाम दर्ज करने का निवेदन किया है।

उक्त भूखण्ड का नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/ दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/ दावा प्रस्तुत नही होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार क्रेता का नाम दर्ज करने की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नही होगा ।

दिनांक ........................ को जारी ।

**राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर (छ.ग.)**

### :: उद्घोषणा ::

क्रमांक 2502 / आर सी./ रा.वि.प्रा./2026

रायपुर दिनांक 25.03.2026

प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक 04 कौशल्या माता विहार (कमल विहार) योजनांतर्गत **श्री अभिषेक अग्रवाल पिता श्री एन. के. अग्रवाल** को पुनर्गठित विकसित भूखण्ड क्रमांक ए-42 रकबा 198 वर्गमीटर सेक्टर 8ए में आबंटित हैं। क्रेता **श्रीमती गंगोत्री दुबे पति श्री राकेश कुमार दुबे निवासी एन. एफ.- 262, हिल व्यू कालोनी, खैरपुर रायगढ़, पतरापाली रायगढ़ (छ.ग.)** द्वारा उक्त भूखण्ड को दिनांक 29.04.2025 पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से क्रय कर उक्त भूखण्ड पर अपना नाम दर्ज करने का निवेदन किया है।

उक्त भूखण्ड का नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति / दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नही होने पर शासन के प्रचलित नियमो के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नही होगा।

दिनांक . . . . .को ज़ारी।

**राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर (छ.ग.)**

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)
### // ईश्तहार //

रा.प्र.क्रमांक / /अ-6/2025-2026

रायपुर, दिनांक 25/03/2026

ग्राम- भाठागांव, प.ह.नं.- 60,
तहसील व जिला रायपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदकगण 01. श्रीमती कविता शर्मा पति स्व. श्री जितेन्द्र शर्मा 02. श्रध्दा शर्मा 03. धैर्य शर्मा दोनो पिता स्व.श्री जितेन्द्र शर्मा सभी निवासी- शहीद भगतसिंह चौक, टिकरापारा, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर, (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में आवेदकगण के पति व पिता श्री जितेन्द्र शर्मा पिता जनकलाल शर्मा स्वामीत्व एवं आधिपत्य में ग्राम भाठागांव प.ह.नं. 60, रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 257/281, रकबा 0.0150 हे, खसरा नंबर 257/796 रकबा 0.0090 हे, भूमि धारित की जाती है। आवेदकगण के पति व पिता स्व.श्री जितेन्द्र शर्मा पिता जनकलाल शर्मा की मृत्यु दिनांक 07.01.2017, हो चुका है मृतक भूमिस्वामी की मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न है, जिनके विधिक वारिसान में आवेदकगण 01. श्रीमती कविता शर्मा पति स्व.श्री जितेन्द्र शर्मा 02. श्रध्दा शर्मा 03. धैर्य शर्मा दोनो पिता स्व. श्री जितेन्द्र शर्मा ही है इनके अलावा अन्य कोई वारिसान नही है अतः मृतक भूमिस्वामी का नाम राजस्व अभिलेखों से विलोपित कर आवेदकगण का नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु आवेदकगण का निवेदन है। उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 10/04/2026 को होगी।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से मय दस्तावेज अपनी लिखित दावा/आपत्ति दिनांक 10/04/2026 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**रायपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-18, कांदुल तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.)
### आम सूचना

जारी दिनांक- 24.03.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम कांदुल प.ह.न.- 83, रा.नि.मं- 18 कान्दुल तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में **आवेदक श्री शेष नारायण ठाकुर पिता श्री छतर सिंह ठाकुर निवासी ग्राम म.न. 272 कारगिल चौक, सुंदर नगर रायपुर छ.ग.** द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि **खसरा नंबर 262/18 रकबा 0.0560 हे.** भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र. / क/ वाचक/ अति. तह./ 2026 रायपुर दिनांक 11/03/2026 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक **08/04/2026** को किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जाने।

**राजस्व निरीक्षक, रायपुर-18 कांदुल**






# खारुन नदी पुल मरम्मत, भारी वाहन के रूट डायवर्ट करने ट्रैफिक पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दुर्ग जाने वाले नेशनल हाईवे में कुम्हारी स्थिति पुराना पुल के रखरखाव का काम तीन दिन बाद एक अप्रैल से शुरू होने वाला है। इसके कारण दुर्ग- रायपुर आवाजाही बुरी तरह से बाधित होगी। मुंबई- हावड़ा को जोड़ने वाला यह एक महत्वपूर्ण मार्ग है। इस मार्ग में पूरे समय यातायात का दबाव रहता है। रायपुर से दुर्ग आवाजाही करने वाले भारी वाहन चालकों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए ट्रैफिक पुलिस ने रूट डायवर्ट करते हुए एडवाइजरी जारी है।




### ट्रैफिक पुलिस द्वारा एडवाइजरी के अनुसार दुर्ग से रायपुर की ओर डायवर्सन प्लान इस तरह से है -

- दुर्ग से रायपुर की ओर आने वाले भारी वाहन कुम्हारी टोल पार कर दाहिने पुल से होकर खारुन नदी ब्रिज से सिंगल लाइन पर आवाजाही करेंगे।
- राजनांदगांव से रायपुर जाने वाले भारी वाहनों को दुर्ग बाई-पास मार्ग पर बाफना टोल प्लाजा के पास सुबह 8:30 बजे से 10:30 बजे तक रोका जाएगा।
- भिलाई औद्योगिक क्षेत्र तथा ट्रांसपोर्ट नगर भिलाई से निकलने वाले भारी वाहनों को सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक कुम्हारी की ओर जाना निषेध रहेगा।
- नंदिनी, अहिवारा, बेरला से रायपुर जाने वाले भारी वाहनों को मुरमुंदा, ओटेबंध, गुधेली, पठारीडीह होकर उरला (रिंग रोड नम्बर 04) की ओर प्रस्थान करेंगे।

### रायपुर से दुर्ग की ओर डायवर्सन प्लान

- रायपुर से दुर्ग की ओर जाने वाले भारी वाहन कुम्हारी खारुन नदी ब्रिज से सिंगल लाइन पर आवागमन करेंगे।
- महासमुंद से दुर्ग की ओर जाने वाले भारी वाहनों को मंदिर हसौद के पास सायं 5 बजे से रात 8 बजे तक रोका जायेगा।
- उरला-सिलतरा औद्योगिक क्षेत्र तथा बिलासपुर की ओर से आने वाले भारी वाहनों को शाम 5 बजे से रात 8 बजे तक रिंग रोड नम्बर-4 में नंदन वन कटिंग के पास रोका जायेगा।

### *यह मरम्मत कार्य होना है*

*पुराना खारुन नदी में बने पुल का मरम्मत कार्य दो साल बाद शुरू किया जा रहा है। एनएचआईआई के इंजीनियरों ने पुल का निरीक्षण किया, तो पाया कि एक्सपेंशन का गेप बड़ा हो गया है। गेप भरने पुल के डामर को उखाड़ा जाएगा। इसके बाद एक्सपेंशन गेप को भरा जाएगा। एक्सपेंशन गेप भरने के बाद सड़क का डामरीकरण किया जाएगा। इसके साथ ही पुल के दोनों तरफ लगाए गए सिक्यूरिटी रेलिंग टूटी हुई है। इसके लिए पुल की सिक्यूरिटी रेलिंग को बदलने का कार्य किया जाएगा। पुल के मरम्मत होने में एक महीने का समय लग सकता है, इसलिए एक माह के लिए पुल पर आवाजाही रोकी जा रही है।*

## खबर संक्षेप

### डॉ. स्नेहलता को शारदा त्यागी स्मृति सम्मान



**रायपुर।** डॉ. प्रेम जनमेजय के संपादन में प्रकाशित व्यंग्य यात्रा द्वारा दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ की व्यंग्य लेखिका डॉ. स्नेहलता पाठक को शारदा त्यागी स्मृति व्यंग्य यात्रा सम्मान से सम्मानित किया गया। डॉ. पाठक लगभग 40 वर्षों से व्यंग्य लेखन के क्षेत्र में समर्पित हैं।

**निधन**

### इंद्र कुमार जैन

**रायपुर।** झाबक बाड़ा सदर बाजार निवासी इंद्र कुमार जैन (72) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 26 मार्च को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे अनिल, राजकुमार, पूर्व पार्षद सतीश जैन, गिरीश जैन के बड़े भाई एवं संस्कार व भावना के पिता थे।



# कुल खपत का 20 फीसदी कमर्शियल सिलेंडर मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में रसोई गैस उपलब्धता और वितरण व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार कड़े कदम उठा रही है। खाद्य विभाग की सचिव रीना बाबा साहब कंगाले ने गुरुवार को ऑयल कंपनियों के क्षेत्रीय प्रबंधकों के साथ समीक्षा बैठक की। इसमें गैस आपूर्ति को सुव्यवस्थित करने और जरूरी सेवाओं को प्राथमिकता देने के लिए कई अहम फैसले लिए गए।

नए निर्णय के अनुसार, अब व्यावसायिक संस्थानों और प्रतिष्ठानों को उनकी पिछले महीने की कुल खपत का अधिकतम 20 प्रतिशत तक ही एलपीजी उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही शहरी क्षेत्रों में 25 दिनों और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों के भीतर ऑनलाइन रीफिल बुकिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उपलब्ध स्टॉक को ध्यान में रखते हुए गैस आपूर्ति के लिए प्राथमिकता श्रेणियां भी तय की गई हैं, ताकि आवश्यक सेवाओं पर कोई असर न पड़े। इनमें अस्पताल, शैक्षणिक संस्थान, सुरक्षा बलों के कैंप, जेल, होटल, रेलवे और एयरपोर्ट कैंटीन, शासकीय कार्यालय, गेस्ट हाउस और अन्य जरूरी संस्थान शामिल हैं।



### गोदामों में पुलिस और होमगार्ड की होगी तैनाती

व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन को एलपीजी वितरकों के गोदामों और कार्यालयों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस और होमगार्ड की तैनाती के जरिए भीड़ और अव्यवस्था को नियंत्रित करने पर जोर दिया गया है। साथ ही वितरकों को उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित समाधान करने और अपने संपर्क नंबर सक्रिय रखने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### ऑयल कंपनियां हर दिन की रिपोर्ट देंगी

बैठक की अध्यक्षता खाद्य विभाग की सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले ने की, जिसमें ऑयल कंपनियों के क्षेत्रीय अधिकारियों ने भाग लिया। चर्चा का मुख्य फोकस प्रदेश में एलपीजी की उपलब्धता, वितरण प्रणाली और उपभोक्ताओं तक समय पर गैस पहुंचाने पर रहा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि कमर्शियल एलपीजी के स्टॉक और वितरण की दैनिक समीक्षा की जाएगी। ऑयल कंपनियां हर दिन की रिपोर्ट विभाग को देंगी, जिससे स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा सके।

## कैदियों की मौत का मामला विधानसभा में उठा था

# राज्य की जेलों में चार साल में 285 की मौत, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने लिया संज्ञान, मांगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य की विभिन्न जेलों में पिछले चार वर्षों में 285 कैदियों की मौत के मामले को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने स्वतः संज्ञान लेते हुए राज्य के मुख्य सचिव तथा जेल प्रशासन को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। जेलों में कैदियों की मौत के मामले को विधानसभा में भी उठाया गया था। आयोग ने रिपोर्ट में जेलों में भीड़, डॉक्टरों के रिक्त पदों और इस समस्या के समाधान के लिए उठाए गए कदमों से संबंधित आंकड़े शामिल करने को कहा है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मीडिया रिपोर्ट का स्वतः संज्ञान लिया है, जिसमें कहा गया है कि छत्तीसगढ़ की विभिन्न जेलों में पिछले चार वर्षों में कुल 285 कैदियों की मौत हुई है, जिनमें से सबसे अधिक 90 मौतें 2022 में और 66 मौतें जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2026 के बीच हुईं। राज्य सरकार ने विधानसभा में कैदियों की मौत के पीछे आत्महत्या और लम्बी बीमारियों को कारण बताया है।

- जेल प्रशासन ने ज्यादातर मौत को गंभीर बीमारी के साथ खुदकुशी बताया था




### *क्षमता से अधिक कैदी होने के साथ चिकित्सकों की कमी*

*राज्य के सभी जिला तथा केंद्रीय जेलों में क्षमता से अधिक कैदी हैं। जेलों में क्षमता से अधिक कैदी होने की वजह से कैदियों में संक्रमण के साथ मानसिक तनाव बढ़ रहा है। जेलों में कैदियों के चिकित्सा उपचार के लिए डॉक्टरों और मनोचिकित्सकों की कमी होने की बात सामने आई है। आयोग ने कहा है कि यदि समाचार रिपोर्ट में दी गई जानकारी सही है, तो यह पीड़ितों के मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन का मामला बनता है। इसलिए, आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव और जेल डीजी को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने रिपोर्ट में जेलों में कथित रूप से अधिक भीड़भाड़, डॉक्टरों के रिक्त पदों और इस समस्या के समाधान के लिए राज्य सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों से संबंधित आंकड़े भी शामिल करने को कहा है।*

## राज्यपाल से धमतरी जिले की छात्राओं ने की मुलाकात



**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका से आज लोकभवन में धमतरी जिले के सुदूर आदिवासी एवं वनांचल विकासखंड नगरी के विशेष प्रतिभावान स्कूली बच्चों ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान बच्चों की प्रतिभा और उपलब्धियों पर राज्यपाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस समूह में शामिल 22 बच्चों का चयन नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2026 के लिए हुआ है, जबकि पांच बच्चों ने स्पोकन इंग्लिश में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। क्षेत्र की विशेष प्रतिभा एआई वीडियो क्रिएटर सातवीं कक्षा की छात्रा कु. गरिमा साहू द्वारा तैयार वीडियो का प्रदर्शन भी किया गया, जिसकी राज्यपाल श्री डेका ने सराहना की और उसे आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

### नवरात्रि पर्व मनाया छठ महापर्व

**रायपुर।** छठ महापर्व मुख्य रूप से बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तरप्रदेश में सूर्यदेव और छठी मैया की पूजा के रूप में कार्तिक शुक्ल षष्ठी को मनाया जाता है। इसी कड़ी में हर बार की तरह इस बार भी चैत्र मास के मौके पर भव्य तरीके से पुलिस परिवार द्वारा छठ महापर्व नरेश्वर मंदिर में मनाया गया।

## पेज 13 के शेष ...

### पांच दिन बाद खुली...

भी 30 लाख के करीब कार्ड धारक बचे हुए हैं, जो अभी तक मार्च का खाद्यान्न ले नहीं पाए हैं।

नए फंक्शन ऐड होने से दिक्कतें बढ़ी : दुकानदारों ने बताया कि साफ्टवेयर अपडेट के दौरान कुछ नए फंक्शन इसमें ऐड किए गए हैं। इसके कारण अब ई-पॉस मशीन चालू करने के दौरान दुकान संचालक को अपना मोबाइल नंबर की एंट्री करनी पड़ रही है। दुकान संचालक के मोबाइल नंबर एंट्री करने पर ओटीपी नंबर आता है, जिसे डालने के बाद ही मशीन का साफ्टवेयर शुरू होता है, लेकिन मोबाइल नंबर डालने के बाद ओटीपी नंबर ही नहीं आ रहा है, जिससे साफ्टवेयर खुल नहीं रहा है। इसके अलावा कहीं दुकान को आवंटित खाद्यान्न शून्य दिखा रहा है, तो कई हितग्राहियों के खाते में चावल निरंक बता रहा है। दुकानदारों का कहना है कि साफ्टवेयर को अपडेट करते हुए कुछ गलतियां भी हुई है, जिसके कारण साफ्टवेयर दिक्कत कर रहा है।

### मंदा चल रहे पोल्ट्री ...

बिकता है। चिकन की सबसे ज्यादा खपत राजधानी रायपुर के साथ ही बिलासपुर और भिलाई में होती है। ऐसे में बिलासपुर में बर्ड फ्लू का मामला सामने आने के बाद वहां पर चिकन का कारोबार लगभग चौपट गया है। वहां पर दस किलोमीटर के दायरे में चिकन का कारोबार पूरी तरह से बंद कर दिया गया है।

### किराया भुगतान में...

राशि 1,0,4485 रुपये द्वारा दुकान की बकाया किराया राशि बाजार विभाग को जमा नहीं करने जाने पर संबंधित दुकानों को सीलबंद करने की कार्रवाई की गई। इसी तरह राजकुमार कॉलेज के समीप गुमटियों के बकायादारों ने बकाया किराया राशि का भुगतान करने एक दिन की लिखित में मोहलत मांगी, इस पर बाजार विभाग ने सीलबंदी की कार्रवाई एक दिन क लिए रोक दी है।

### आज गरज-चमक के साथ...

एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण पूर्व राजस्थान और उसके आसपास स्थित है तथा यह 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका मराठवाड़ा से दक्षिण अंदरूनी कर्नाटक तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इनके प्रभाव से 27 मार्च को कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा संभावित है।






## खबर संक्षेप

### गायत्री प्रज्ञापीठ में किया हवन-पूजन, पूर्णाहुति आज



**रायपुर।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर गायत्री प्रज्ञापीठ संतोषीनगर में 40 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित कर स्थापना की गई है। गुरुवार को अष्टमी पर हवन-पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस संबंध में गायत्री प्रज्ञापीठ संतोषीनगर के व्यवस्थापक कोमल देवांगन ने बताया कि 27 मार्च को पूर्णाहुति के साथ महाप्रसाद वितरण किया जाएगा।

### सीए रवि ग्वालानी बने आईसीएआई के सदस्य



**रायपुर।** सीए रवि ग्वालानी को इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित महिला एवं युवा उत्कृष्टता समिति में वर्ष 2026-27 के लिए सह-नामित (को-ऑप्टेड) सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति इंस्टीट्यूट के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीए प्रसन्ना कुमार डी. ने की है। यह समिति सेंट्रल काउंसिल सदस्य सीए पुरुषोत्तम खंडेलवाल की अध्यक्षता में तथा सेंट्रल काउंसिल सदस्य एवं उपाध्यक्ष सीए श्रीप्रिया कुमार के मार्गदर्शन में कार्य कर रही है। यह समिति महिला एवं युवा चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के विकास, नेतृत्व क्षमता के संवर्धन एवं पेशेवर उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए कार्यरत है। इस अवसर पर सीए रवि ग्वालानी ने कहा कि उनका प्रयास रहेगा, इस वर्ष एक भव्य अंतर्राष्ट्रीय युवा एवं महिला सम्मेलन का आयोजन किया जाए, जिसमें राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवा एवं महिला सदस्यों को नई दिशा एवं बेहतर अवसर प्राप्त होंगे।

### नवरात्रि पर्व मनाया छठ महापर्व



**रायपुर।** छठ महापर्व मुख्य रूप से बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तरप्रदेश में सूर्यदेव और छठी मैया की पूजा के रूप में कार्तिक शुक्ल षष्ठी को मनाया जाता है। इसी कड़ी में हर बार की तरह इस बार भी चैत्र मास के मौके पर भव्य तरीके से पुलिस परिवार द्वारा छठ महापर्व नरेश्वर मंदिर में मनाया गया।

# पुनर्वसु नक्षत्र में जन्मे थे रामलला, आज भी यही संयोग, संग रहेगा रवि व सर्वार्थ सिद्धि योग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि 26 मार्च की सुबह 11:48 बजे से शुरू हो गई है। यह 27 मार्च को सुबह 10:06 बजे तक रहेगी। उदया तिथि के हिसाब से राम नवमी का पर्व शुक्रवार को मनाया जाएगा।

श्रीराम का जन्म नवमी तिथि को मध्याह्न काल में हुआ था। शुक्रवार को मध्याह्न मुहूर्त सुबह 11:13 बजे से दोपहर 1:38 बजे तक रहेगा। इस दिन श्रीराम के जन्म का विशेष समय दोपहर 12:27 बजे है। तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस के बालकाण्ड में रामलला के जन्म को लेकर बताया गया है कि उनका जन्म पुनर्वसु नक्षत्र में, जब पांचों ग्रह अपने उच्च स्थान पर थे और कर्क लग्न में चंद्रमा तथा बृहस्पति स्थित थे, उस समय श्री राम का जन्म हुआ। वैदिक पंचांग के अनुसार, इस साल राम नवमी अर्थात 27 मार्च को पुनर्वसु नक्षत्र का निर्माण हो रहा है। इसके साथ ही रवि और सर्वार्थसिद्धि योग का भी निर्माण हो रहा है। इस अवधि में राम जी की पूजा करने से कई गुना अधिक फल की प्राप्ति होगी। इस दिन रवि योग सुबह 6:17 बजे से लेकर 28 मार्च को सुबह 6:16 बजे तक रहेगा।

इसके साथ ही सर्वार्थ सिद्धि योग सुबह 6:17 बजे से दोपहर 3:24 बजे तक रहेगा। मध्यान्ह समय में की जाने वाल रामलला की आरती के दौरान भी ये योग विद्यमान रहेंगे।

## सुबह 11:13 बजे से दोपहर 01:38 बजे तक रहेगा पूजन के लिए विशेष मुहूर्त

### मंदिरों में तैयारियां पूर्ण

राजधानी के अधिकतर मंदिरों में नवरात्रि हवन गुरुवार को ही संपन्न हो गया। आज मंदिरों में राम जन्मोत्सव की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। चूंकि श्रीराम का जन्म मध्यान्ह काल में हुआ था, इसलिए उनकी जन्मोत्सव विशेष आरती भी मध्यान्ह में ही होगी। रामलला के विशेष श्रृंगार संग भंडारा, भजन-कीर्तन व अन्य व्यवस्थाओं में भी मंदिर जुटे रहे। रायपुर के वीआईपी रोड स्थित राम मंदिर, जैतुसाव मठ व दुधाधारी मठ में आज विशेष आयोजन होंगे।

- प्रात: 6:17 बजे प्रारंभ हुआ रवि योग, 28 मार्च को सुबह 6:16 बजे तक रहेगा प्रभावशील




### ऐसा है मुहूर्त

**नवमी तिथि प्रारंभ:** 26 मार्च सुबह 11:48 बजे
**नवमी तिथि समाप्त:** 27 मार्च सुबह 10:06
**मध्याह्न पूजा समय:** सुबह 11:13 बजे से दोपहर 01:38 बजे तक
**कुल अवधि:** 2 घंटे 25 मिनट
**मध्याह्न क्षण:** दोपहर 12:27 बजे

## एक साल में सौ करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी

# कॉल सेंटर से ठगी का नेटवर्क अहमदाबाद से चाइना तक, छह चरणों में यूएसए के लोगों से जालसाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कॉल सेंटर की आड़ में यूएसए के लोगों के साथ ठगी का पुलिस ने जिस इंटरनेशनल नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है, यह नेटवर्क अहमदाबाद से लेकर चाइना तथा रायपुर तक फैला था। ठगी नेटवर्क को संचालित करने अहमदाबाद के दो मास्टर माइंड के बारे में पुलिस को जानकारी मिली है। रायपुर में बैठे नेटवर्क से जुड़े लोग अहमदाबाद से मिले निर्देश पर काम करते थे। जालसाजों द्वारा रायपुर से बैठकर यूएसए के लोगों के साथ सौ करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी करने की जानकारी पुलिस को मिली है। जालसाज लोन तथा गिफ्ट वाउचर की आड़ में यूएसए के लोगों के साथ ठगी कर रहे थे।

गंज थाना क्षेत्र के पिथालिया कांपलेक्स तथा अंजनी टॉवर में ठगी के तीन कॉल सेंटर संचालित हो रहे थे। कॉल सेंटर रोहित यादव, गौरव यादव एवं सौरभ सिंह के सुपरविजन में संचालित हो रहा था। वारदात का जो तरीका है, उसके अनुसार कॉल सेंटर के कर्मचारी यूएसए में बैंक लोन, सिबील सुधार के लिये यूएसए के लोगों को कॉल करते थे। जो झांसे में आ जाता था, उसे सुधार कार्य करने के नाम पर सौ से दो सौ डॉलर डॉलर जमा कराते थे। इसके बाद प्राप्त रकम को वापस गिफ्ट कार्ड के माध्यम से भारतीय मुद्रा में बदलकर ठगी करते थे।

### सिस्टम में कमी का फायदा उठाकर ठगी

पूछताछ में जालसाजों ने पुलिस को बताया है कि यूएसए में जो बैंक हैं, वे जालसाजी होने पर छोटी रकम की शिकायत या चेक लगने पर तुरंत रकम खाता धारक के खाता में डाल देते हैं। रकम डालने के 48 घंटे के बाद जांच करते हैं, जांच के बाद धोखाधड़ी ज्ञात होने पर खाता धारक से रकम वापस ले लेते हैं। इसी का फायदा उठाकर जालसाज कॉल सेंटर संचालित कर यूएसए के लोगों के साथ ठगी कर रहे थे।

## जालसाजी का नेटवर्क ध्वस्त करने पुलिस कमिश्नर ने एसआईटी गठित करने दिए निर्देश


### ऐसे करते थे ठगी

**पहला चरण - डेटा प्राप्त कर कॉल करना**
कॉलिंग ग्रुप व्हाट्सएप, टेलीग्राम मेल ग्रुप के माध्यम से अमेरिका में बैंकों में लोन एप्लाई करने वाले व्यक्तियों का डेटा प्राप्त कर उन्हें लोन लेने के लिये कॉलिंग एप के माध्यम से कॉल करते थे, जो बातें बोलनी रहती थी, वह अंग्रेजी में स्क्रीन में लिखी रहती थी। जैसे ही व्यक्ति लोन लेने के लिये तैयार होता था, वहां से इनकी योजना शुरू होती थी।

**दूसरा चरण - लोन प्राप्त करने वाले को खराब सिबील सुधारने झांसा :** इच्छुक व्यक्ति जैसे ही लोन के लिये बात करता उससे उसका बैंक अकाउंट का संपूर्ण डिटेल लेकर जालसाज कॉल सेंटर के वाट्सएप ग्रुप में डाल देते थे। ग्रुप के अन्य व्यक्ति डेटा चेक कर लोन प्राप्त करने वाले व्यक्ति को उसकी डिटेल बताते थे और सिबील सुधारने का आश्वासन देते थे। कुछ देर बाद वापस कॉल करने बोलते थे। व्यक्ति से प्राप्त डेटा को कंपनी का सुपरवाइजर अपने ऊपर के अहमदाबाद में बैठे मास्टर माइंड द्वारा बनाये गये व्हाट्सएप ग्रुप में भेज देता था, जिसमें चाइना सहित अन्य देश से भी जुड़े कुछ लोग शामिल रहते थे।

**तीसरा चरण - फर्जी चेक तैयार कर बैंकों में लगाना**
डिपॉजिट ग्रुप में जैसे ही अकाउंट की जानकारी आती थी, टेक्निकल ग्रुप का काम प्रारंभ होता था। यह ग्रुप व्यक्ति के खाता की जानकारी लेकर एक क्लोन चेक तैयार करता था और उसे उस व्यक्ति के खाता में लगाता था। जैसे ही बैंक को चेक मिलता था वह राशि छोटी होने के कारण तुरंत व्यक्ति के खाता में राशि बैंक द्वारा डाल दिया जाता था। जैसे ही अकाउंट में रकम आती थी, चाइना में बैठे नेटवर्क से जुड़े जालसाज को 10 प्रतिशत कमीशन चला जाता था।





**चौथा चरण - रकम जमा होने के बाद कॉलिंग ग्रुप एक्टिव:** जैसे ही रकम खाता धारक के खाता में जमा होती, कॉलिंग ग्रुप फिर एक्टिव होता था और खाता धारक को कॉल कर बोलता था, हमने आपका सिबील सुधार दिया है, आपके खाते में सिबील सुधारने के लिये हमने बैंक से बात करके आपके खाते में उदाहरण 100 डॉलर डाल दिये हैं, कृपया चेक करके बताएं। व्यक्ति चेक करने के बाद पुनः कॉलिंग ग्रुप से जुड़े जालसाज को बताता था कि मेरे खाता में 100 डॉलर आ गये हैं। अब कॉलिंग ग्रुप खाता धारक को बोलता है कि हमारी कंपनी ने पैसा डाला है, आपका सिबील सुधर गया है। हमारी कंपनी का पैसा वापस कर दीजिए, देने का तरीका गिफ्ट व्हाउचर होगा, खाता धारक खुशी से तैयार हो जाता था।

**पंचम चरण - विभिन्न गिफ्ट कार्ड को रुपए में कन्वर्ट कर ठगी :** खाता धारक गिफ्ट कार्ड खरीदकर जैसे ही जालसाज के अकाउंट में ट्रांसफर करता था, उसे जालसाज कॉल सेंटर वाले ग्रुप को व्हाट्सएप करता था। इसके बाद सुपरवाइजर इस डिटेल को "रिडीम ग्रुप" पर डालता था। यह ग्रुप खाता धारक से पूरी जानकारी जैसे कोड, पासवर्ड, कार्ड नंबर, ओटीपी सहित अन्य लेकर विभिन्न वेबसाइट के माध्यम से उक्त कार्ड को नकद में तब्दील कर देते थे। यह ग्रुप भारत के कई बड़े राज्यों एवं चाईना में बैठकर कार्य कर रहा है।

**छठवां चरण चरण - हवाला के माध्यम से पैसा पहुंचाना :** रिडीम ग्रुप पैसे प्राप्त करने के बाद ठगी की रकम हवाला के माध्यम से अहमदाबाद में बैठे मास्टर माइंड तक पहुंचती थी। रकम की जानकारी केवल मालिक और रिडीम ग्रुप तक रहती थी। ओके करने पर सुपरवाइजर द्वारा कॉल सेंटर में कॉल कट कर दिया जाता है।

# दो स्टील कारोबारी ठिकानों पर जीएसटी की दबिश, बोगस बिलिंग की शिकायत पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के दो स्टील कारोबारियों द्वारा बड़े पैमाने पर बोगस बिलिंग की शिकायत पर स्टेट जीएसटी की टीम ने रामसागर पारा स्थित भैंसथान में कारोबारी ठिकाने पर छापे की कार्रवाई की। बताया जा रहा है, स्टेट जीएसटी के अफसरों ने दोनों कारोबारी ठिकानों से बड़े पैमाने पर लूज पेपर जब्त किए हैं। वित्तीय वर्ष की समाप्ति को देखते हुए जीएसटी द्वारा छापे की कार्रवाई किए जाने की बात सामने आई है।

- लक्ष्मी कमर्शियल और एसआरएस ट्रेडर्स में जीएसटी ने की कार्रवाई

स्टेट जीएसटी की टीम ने अन्नपूर्णा कांप्लेक्स में लक्ष्मी कमर्शियल और एसआरएस ट्रेडर्स में छापेमारी की। तलाशी में स्टील और आयरन का कारोबार करने वाले रितेश जैन एवं उसके भाई की फर्म में करोड़ों रुपए की बोगस बिलिंग करने के दस्तावेज जीएसटी के अफसरों ने जब्त किए हैं। दस्तावेजों की जांच करने पर पता चला कि फर्म संचालक पिछले काफी समय से कच्चे में कारोबार कर रहे थे।

फर्जी बिलों के जरिए टैक्स चोरी का खेल चल रहा था। इसे देखते हुए सभी ट्रांजेक्शन हिस्ट्री, कम्प्यूटर, लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और पुराने बिल जब्त किए गए हैं। साथ ही फर्म संचालकों से पूछताछ कर बयान लिया जा रहा है। वहीं बरामद बिल के आधार पर टैक्स चोरी का मूल्यांकन किया जा रहा है।

## 13 लाख के बकायादार का परिसर सील, 20 के यहां नोटिस चस्पा

**रायपुर।** नगर निगम जोन 1 के राजस्व विभाग ने गुरुवार को बड़े बकायादारों पर बकाया राजस्व वसूली अभियान जारी रखते हुए भनपुरी निवासी शेख याशीन के प्रतिष्ठान को 13,38,092 रुपए बकाया राशि भुगतान नहीं करने पर सील कर दिया। सीलबंदी के कार्रवाई के दौरान दो बड़े बकायादारों ने मौके पर ही 10,73,000 रुपए की बकाया राशि का तत्काल भुगतान कर दिया। निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश और जोन 1 कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम ने बकाया राशि वसूली को लेकर जोन 1 क्षेत्र में अभियान चलाया। इसके तहत 20 बड़े बकायादारों जिन पर कुल मिलाकर 1 करोड़ रुपए का बकाया है, उनके प्रतिष्ठानों पर अंतिम सूचना नोटिस चस्पा किए गए। इसके साथ ही यह चेतावनी दी गई है कि यदि तत्काल बकाया राशि जमा नहीं की गई, तो संबंधित प्रतिष्ठानों को भी सीलबंद कर दिया जाएगा। गुरूवार को हुई कार्रवाई जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर के नेतृत्व में कार्यपालन अभियंता द्रोणी कुमार पैकरा, सहायक राजस्व अधिकारी मनीष मरकाम, सहायक राजस्व निरीक्षक आशीष शर्मा, संतोष साहू, सहायक राजस्व निरीक्षक अरविंद छेदइया सहित राजस्व विभाग की टीम की मौजूदगी में की गई।

# रायपुर संभाग के डाकघरों से लोग अब विदेशों में भेज सकते हैं पार्सल, पिकअप की सुविधा निशुल्क

- अंतर्राष्ट्रीय लेख बुकिंग सेवा उपलब्ध कराई जा रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर संभाग अंतर्गत संचालित डाकघरों के माध्यम से अब लोग विदेशों में भी पार्सल भेज सकते हैं। यह सुविधा डाकघरों में शुरू हो गई है। इस सुविधा के साथ डाक विभाग विदेश में पार्सल भेजने वालों के लिए पार्सल पिकअप करने की सुविधा भी दे रहा है, जिसका कोई शुल्क नहीं लगेगा। डाक विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आम लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के रायपुर संभाग अंतर्गत आने वाले सभी प्रमुख डाकघरों एवं उपडाकघरों में अंतर्राष्ट्रीय पार्सल एवं अंतर्राष्ट्रीय लेख बुकिंग सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। इस सुविधा के माध्यम से लोग पार्सल, दस्तावेज एवं अन्य सामग्री को विश्व के विभिन्न देशों में सुरक्षित, सरल एवं व्यवस्थित प्रक्रिया के माध्यम से भेज सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह सेवा पूर्णतः सुरक्षित, पारदर्शी एवं विश्वसनीय है। ग्राहकों को पार्सल की सुरक्षित हैंडलिंग, उचित पैकेजिंग संबंधी मार्गदर्शन तथा ऑनलाइन ट्रैकिंग की सुविधा प्रदान की जाएगी।

*अन्य कूरियर कंपनियों की तुलना में सेवा शुल्क कम : अधिकारियों ने बताया कि अन्य निजी कूरियर कंपनियों की तुलना में अंतर्राष्ट्रीय डाक सेवा किफायती दरों पर उपलब्ध है तथा भारत सरकार के डाक विभाग द्वारा संचालित होने के कारण अधिक भरोसेमंद है। डाकघर में बुकिंग के लिए ग्राहक को अपना पार्सल, प्राप्तकर्ता का पूर्ण एवं सही पता तथा वैध पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा।*

# राजधानी में बढ़ी पानी की खपत, 200 क्यूसेक पड़ रहा कम, 250 की डिमांड

- गंगरेल डेम से शहर को 200 क्यूसेक रॉ वाटर फिल्टर प्लांट तक पहुंच रहा
- इंटेकवेल शहर की नई-पुरानी 43 पानी टंकियों से रोज जल आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर की 14 लाख आबादी को गंगरेल डेम से रोज 200 क्यूसेक पानी की आपूर्ति गर्मी में कम पड़ने लगी है। अब 250 क्यूसेक पानी रोज चाहिए। इसके लिए जल विभाग जल्द ही सिंचाई विभाग को 50 क्यूसेक अतिरिक्त पानी देने की मांग करते हुए पत्र लिखेगा।

यानी अप्रैल से इस गर्मी के सीजन में 250 क्यूसेक रॉ वाटर की जरूरत पड़ेगी। इसके बाद ही 70 वार्डों में रहने वालों की प्यास बुझ पाएगी। जल विभाग के अधिकारी खारुन नदी के जल



स्तर पर नजर रखे हुए हैं। दरअसल, गर्मी बढ़ते ही शहर में पानी की खपत बढ़ गई है। पहले जहां शहर भर के पेयजल आपूर्ति की मांग हिसाब से 200 क्यूसेक रॉ वाटर पर्याप्त माना जाता था, अब इसकी मांग बढ़ने से नगर निगम के जल विभाग को गंगरेल से 50 क्यूसेक अतिरिक्त रॉ वाटर की मांग करने की जरूरत पड़ रही है। नगर निगम ने सिंचाई विभाग से 20 साल तक राजधानीवासियों को जल आपूर्ति के लिए एग्रीमेंट कर रखा है। विभाग के अधिकारियो का कहना है, गंगरेल डेम में रायपुर शहर के रहवासियों की जरूरत के हिसाब से इस बार पर्याप्त पानी सुरक्षित है। इसलिए गर्मी के सीजन में लोगों को पीने के पानी की किसी तरह की किल्लत नहीं होगी।

## बिजनेस साइट

### छत्तीसगढ़ राज्य ऋण संगोष्ठी में नाबार्ड ने जारी किया 'स्टेट फोकस पेपर'




**रायपुर।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय कार्यालय ने बुधवार को आयोजित 'राज्य ऋण संगोष्ठी' में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए राज्य की ऋण क्षमता का आंकलन पेश किया। जारी 'स्टेट फोकस पेपर' के अनुसार, प्राथमिकता क्षेत्रों के लिए कुल 1.45 लाख करोड़ रुपये की ऋण क्षमता निर्धारित की गई है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 23 प्रतिशत अधिक है। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ सरकार की कृषि उत्पादन आयुक्त एवं प्रमुख सचिव शहला निगार ने दस्तावेज का विमोचन किया। इस अवसर पर बैंकिंग क्षेत्र, भारतीय रिजर्व बैंक, राज्य शासन और विकास संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे और जिलावार ऋण योजना तथा जमीनी स्तर पर क्रेडिट प्रवाह बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की। मुख्य अतिथि ने जिला स्तर पर तैयार 'संभाव्यता युक्त ऋण योजनाओं' की सराहना करते हुए कहा कि यह बैंकों और विभागों के लिए मार्गदर्शक बनेगा। रिपोर्ट में कृषि, एमएसएमई, मत्स्य पालन, डेयरी, वानिकी, नवीकरणीय ऊर्जा और ग्रामीण आधारभूत ढांचे को प्राथमिकता दी गई है। नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक डीके गवली ने इसे समावेशी और सतत विकास को गति देने वाला दस्तावेज बताया।

### बालको मेडिकल सेंटर ने एनसीजी फ्रेमवर्क के तहत कैंसर उपचार में डिजिटल तकनीक लागू की



**रायपुर।** नवा रायपुर स्थित बालको मेडिकल सेंटर (बीएमसी) ने कैंसर उपचार को अधिक प्रभावी और तकनीक-सक्षम बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए राष्ट्रीय कैंसर ग्रिड (एनसीजी) के अनुरूप उन्नत हॉस्पिटल इंफॉर्मेशन सिस्टम (एचआईएस) लागू किया है। इस पहल का उद्देश्य मरीजों के डेटा का मानकीकरण, उपचार प्रक्रिया को सरल बनाना और एकीकृत कैंसर देखभाल प्रणाली को मजबूत करना है। नई प्रणाली के तहत मरीजों के इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल रिकॉर्ड्स संरचित रूप में उपलब्ध रहेंगे, जिससे डॉक्टरों और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय बेहतर होगा। इससे जांचों की पुनरावृत्ति कम होगी और मरीजों को बार-बार दस्तावेज ले जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। वेदांता मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन की मेडिकल डायरेक्टर, डॉ. भावना सिरोही ने कहा कि यह डिजिटल पहल उपचार की गुणवत्ता बढ़ाने के साथ दवा संबंधी त्रुटियों को भी कम करेगी। बीएमसी अब देशभर के कैंसर केंद्रों के नेटवर्क से जुड़कर मानकीकृत और सुलभ उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, जो भारत की डिजिटल स्वास्थ्य नीति के अनुरूप है।

### भारतीय मानक ब्यूरो रायपुर में हिंदी कार्यशाला संपन्न



**रायपुर।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), रायपुर शाखा कार्यालय में गुरुवार को एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य राजभाषा हिंदी के विकास में केंद्रीय कार्यालयों की भूमिका तथा भारत सरकार की राजभाषा नीति के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम का उद्घाटन वैज्ञानिक 'ई' एवं निदेशक-प्रमुख सुमन कुमार गुप्ता ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में हिंदी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों के योगदान की सराहना की। साथ ही, वर्ष 2025 में नराकास, रायपुर से द्वितीय तथा क्षेत्रीय कार्यालय से प्रथम पुरस्कार प्राप्त होने पर सभी को बधाई दी। मुख्य वक्ता के रूप में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, रायपुर के वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी प्रवीण कुमार ने राजभाषा के विकास के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंत में निजी सचिव एवं हिंदी नोडल अधिकारी स्मिथ कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### विवेकानंद महाविद्यालय में एआई पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न




**रायपुर।** विवेकानंद महाविद्यालय और अग्रसेन महाविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन हुआ। यह संगोष्ठी मैनेजमेंट और ई-कॉमर्स ऑपरेशन्स में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की भूमिका पर केंद्रित थी। संगोष्ठी के दूसरे दिन के मुख्य वक्ता डॉ. गौरव शर्मा, सहायक प्राध्यापक, शासकीय चंदूलाल चन्द्राकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पाटन, दुर्ग, को प्राचार्यों द्वारा पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। डॉ. शर्मा ने आईटी सेक्टर में एआई के ऑडिटिंग और डेटा विश्लेषण में योगदान पर विस्तृत चर्चा की। इसमें उद्योग विशेषज्ञ, शोधकर्ता और छात्र ऑनलाइन/ऑफलाइन जुड़े। संगोष्ठी का समापन मुख्य अतिथि सैय्यद जाकीर अली, प्राचार्य, विधि महाविद्यालय, रायपुर द्वारा प्रमाण-पत्र वितरण और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# अवैध फ्लेक्स व होर्डिंग के खिलाफ अधिवक्ता ने महापौर से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



राजधानी रायपुर के मुख्य मार्गों पर अवैध रूप से लगे बेतरतीब होर्डिंग व फ्लेक्स के खिलाफ रायपुर के अधिवक्ता विवेक तनवानी ने नगर निगम कमिश्नर, पुलिस कमिश्नर व महापौर मीनल चौबे से शिकायत की है। शिकायत पत्र में अधिवक्ता ने बताया कि खुलेआम अवैध रूप से फ्लेक्स व होर्डिंग्स लगाकर जनता को परेशान किया जा रहा है। अवैध रूप से लगे फ्लेक्स से न सिर्फ जनता के साथ दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है, बल्कि शहर की सुंदरता भी प्रभावित होती है। आगे अधिवक्ता ने कहा कि शहर के छह प्रमुख मार्गों को फ्लेक्स फ्री जोन घोषित किया गया है, इसी तर्ज पर पूरे रायपुर शहर को भी अवैध फ्लेक्स व होर्डिंग्स से मुक्त किया जाना आवश्यक है। अधिवक्ता ने जोर देकर कहा कि जान-माल की हानि न हो, इसलिए यह मांग की है। जिस पर महापौर ने विश्वास दिलाया कि शहर को विकसित करने की राह में प्रभावी कदम उठाए जाएंगे।



हरिभूमि
रायपुर, शुक्रवार 27 मार्च 2026
# लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

04

इनके इस्तेमाल से छुड़ाएं नेल ...

लाइव इवेंट

## रामनवमी पर आज होगा हनुमान चालीसा का महापाठ




**रायपुर।** रामनवमी पर एक साथ एक ही समय पर सवा करोड़ श्री हनुमान चालीसा का महापाठ किया जाएगा। इसका मुख्य आयोजन केंद्र रायपुर के पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में होगा। श्री हनुमान महापाठ समिति द्वारा यह आयोजन पिछले 17 वर्षों से किया जा रहा है। समिति द्वारा कार्यक्रम की व्यवस्थाओं पर विचार-विमर्श करने एक बैठक रखी गई।

बैठक में रायपुर शहर के कार्यक्रम संयोजक विजय अग्रवाल व राष्ट्रीय सचिव शिवनारायण मूंधड़ा ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी देश के अनेक शहरों, नगरों, कस्बों के सार्वजनिक स्थलों, सामुदायिक व सामाजिक भवनों तथा धार्मिक स्थलों पर एक ही दिन रामनवमी पर एक ही समय शाम 7 बजे सामूहिक रूप से श्री हनुमान चालीसा का महापाठ किया जाएगा।

### कलाकार देंगे भजनों की प्रस्तुति

शाम छह बजे से भजनों की प्रस्तुति कलाकारों द्वारा की जाएगी। ठीक शाम 7 बजे श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ होगा। तत्पश्चात प्रसिद्ध जीवन प्रबंधन गुरु व आध्यात्मिक वक्ता पं. विजय शंकर मेहता का हनुमान चालीसा चौपाई 'कुमति निवारी सुमति के संगी' पर व्याख्यान होगा। फिर श्री हनुमानजी की आरती होगी। बैठक में मोहन पवार, मुकेश शाह और योगी अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम स्थल के प्रत्येक द्वार पर श्रद्धालुओं को तिलक लगाकर प्रसाद व श्री हनुमान चालीसा भेंट दिया जाएगा। कार्यक्रम के प्रचार प्रसार के लिए मंदिर समितियों, धार्मिक संस्थाओं से संपर्क अभियान चलाया जाएगा। प्रति वर्ष आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। सभी वर्गों में उत्सव देखने को मिलता है।

अक्षय तृतीया से पहले मुख्य मार्गों और बाजारों में सजने लगे ओडिशा और स्थानीय कारीगरों द्वारा तैयार मटके

# गर्मी में ठंडक पाने गुजरात के 'देसी फ्रिज' की पूछपरख, जलदान की परंपरा निभाने बढ़ी डिमांड

'गर्मी के मौसम में अक्षय तृतीया पर मिट्टी से निर्मित देशी घड़े-मटके और सुराही में जलदान करने की परंपरा आगामी 19 अप्रैल को निभाई जाएगी। इससे पहले शहर के कुम्हारों द्वारा तैयार किए गए मिट्टी के घड़े, मटकों के बीच आधुनिक चित्रकारी, फैंसी आर्ट से सजे गुजरात, ओडिशा के मटकों की श्रृंखला मुख्य मार्गों के आसपास रोजी-रोटी कमाने के लिए लोग सजाने लगे हैं। आधुनिक मशीनरी का उपयोग करते हुए तैयार की गई आकर्षक मटकी में लगाई गई टोंटी, कलरफुल पेंटिंग के चलते उन्हें हर वर्ग द्वारा पसंद किया जा रहा है।'



*रायपुर। मिट्टी से मटके, घड़े और विभिन्न तरह की सामग्री तैयार करने वाले सुरेश प्रजापति ने बताया कि गुजरात के मटकों की मांग कई राज्यों में है। हल्की और चिकनी मिट्टी से बनाने से इसका पानी फ्रिज की तरह ठंडा होता है, इसलिए लोग इन्हें पारंपरिक फ्रिज की जगह इस्तेमाल करते हैं। मशीनी फिनिशिंग का उपयोग करने से उन्हें ज्यादा उत्पादन मिलता है। आधुनिक चाक और मशीनों का उपयोग करने से मिट्टी के मटके और घड़े खास होते हैं। इनकी कीमत बाजार में साधारण मटकों से ज्यादा यानी 350-700 रुपए तक है। यह ज्यादा ठंडक देने के कारण ग्राहकों को आकर्षित करता है। गेरू और पॉलिश किए जाने से सामान्य मटकों से ज्यादा चमकदार होता है। कई रंगों से पेंटिंग और डिजाइनर नक्काशी के चलते शहर के लोगों को भा रहे हैं। सिर्फ मटके ही नहीं, गुजरात के कुम्हारों द्वारा तैयार की गई सुराही को भी पसंद किया जा रहा है। अक्षय तृतीया से पहले इनकी पूछपरख बढ़ने लगी है।*





### प्राकृतिक शीतलता के साथ आकर्षक लुक

सुरेखा चक्रधारी ने बताया कि ओडिशा के मटके प्राकृतिक शीतलता और बनावट के लिए प्रसिद्ध हैं। जो पानी को प्राकृतिक रूप से ठंडा रखते हैं। खास स्वरूप देने के लिए पारंपरिक डिजाइन, प्राकृतिक रंगों और कलात्मक आकृतियों का उपयोग करते हैं। साथ ही इन्हें धीमी आंच पर पकाकर मजबूती देते हैं, जिससे इनकी मांग ज्यादा है। खेतों की उपजाऊ मिट्टी का इस्तेमाल करके तैयार करने से मटके, घड़े और सुराही में पानी भरने से वह प्राकृतिक शीतलता प्रदान करता है। कारीगर इन पर पारंपरिक कोणार्क शैली या आदिवासी चित्रकारी करते हैं, जो इन्हें पारंपरिक रूप से आकर्षक बनाते हैं। मटकों को अच्छी तरह से पकाया जाता है, इससे वह अधिक टिकाऊ होते हैं। इस बार 200 से 600 की रेंज में अलग-अलग साइज में ग्राहकों को उपलब्ध कराया जा रहा है।

### मटके पर उकेर रहे प्राकृतिक कला, बना रहे खास

रायपुरा के कारीगर मनोहर प्रजापति ने बताया कि मटके अपनी प्राकृतिक ठंडक और आकर्षक डिजाइन के लिए प्रसिद्ध हैं। यह मटके गर्म पानी को भी ठंडा रख सकते हैं। समय के साथ इन्हें आकर्षक और उपयोगी बनाने के लिए नल, आधुनिक पेंटिंग और पारंपरिक डिजाइन का उपयोग किया जा रहा है। इससे गर्मी शुरू होते ही घड़े, मटके और सुराही की मांग बढ़ गई है। अक्षय तृतीया से पहले बल्क में मांग करने लगे हैं। इस साल भी सामाजिक संस्थाओं ने 100-200 की तादाद में आर्डर किया है। इसमें गुजरात, ओडिशा के साथ ही स्थानीय कारीगरों द्वारा तैयार किए गए मिट्टी के मटके की मांग सामान्य दिनों की अपेक्षा ज्यादा है। मटकों में नल लगाया जा रहा है, ताकि पानी निकालने में आसानी हो सके। कारीगर अब मटकों पर पारंपरिक कला, रंगीन पेंटिंग और बस्तर की कला का इस्तेमाल करते हुए आकर्षक बना रहे हैं।

### चलन बढ़ने की वजह है पौराणिक मान्यता

जलदान की धार्मिक महत्ता को लेकर पं. देवचरण शर्मा ने बताया कि बैसाख मास की अक्षय तृतीया तिथि से लेकर जेठ मास तक जलदान का प्रावधान है। इस तिथि से ही शिवालयों में घट में छिद्र करके शिवलिंग पर जल प्रवाह की परंपरा निभाई जाती है। इसके चलते लोग पुण्य अर्जन के लिए सेवा की भावना से जगह-जगह प्याऊ घर संचालित करते हैं, ताकि आने-जाने वाले प्यासे लोगों को तृप्त किया जा सके। सनातन धर्मानुरागी अक्षय तृतीया पर मंदिरों में और पुरोहितों को जल से भरा घट दान करते हैं। इस वजह से अक्षय तृतीया से लेकर जेठ मास तक मिट्टी के घड़े, मटके और सुराही की मांग ज्यादा रहती है।

सिटी इवेंट

## घर की दीवारों पर वाटरफॉल, प्लांटेशन छत्तीसगढ़ी आर्ट से इंटीरियर का ट्रेंड



**रायपुर।** घरों को इंटीरियर डिजाइनिंग से आकर्षक और वातानुकूलित सजाने का ट्रेंड तेजी से बढ़ा है। इसके लिए लोग इंटीरियर डिजाइनिंग थीम में मॉडर्न विद ट्रेडिशनल पैटर्न सबसे अधिक पसंद कर रहे हैं। इसकी वजह तेजी से बदलती वातावरण है। घरों की इंटीरियर डिजाइनिंग कराते वक्त लोग इंटीरियर एक्सपर्ट से आकर्षक लुक के साथ-साथ हर मौसम के लिए एडजेस्टेबल पैटर्न की डिमांड कर रहे हैं। इसमें विशेषतौर पर गर्मियों के मौसम में ठंडक का एहसास हो, ऐसा इंटीरियर चाहते हैं। ऐसे में शहर में मॉडर्न के साथ-साथ ट्रेडिशनल पैटर्न में इंटीरियर डिजाइनिंग की डिमांड सबसे अधिक हो रही है। आजकल सबसे अधिक ट्रेंडी और कंफर्टेबल इंटीरियर डिजाइनिंग को लेकर शहर के जाने-माने इंटीरियर डिजाइनर मनोज शर्मा ने बताया कि लोग गर्मी में दीवारों पर वाटरफॉल, प्लांटेशन के लिए वाइल्ड ट्रेडिशनल इंटीरियर पसंद कर रहे हैं। इसके लिए घर की बालकनी साइड, गार्डन को डिजाइन करा रहे हैं। इसके अलावा बैठक हॉल, लीविंग रूम में छत्तीसगढ़ी आर्ट्स से बनी पेंटिंग्स, शिल्प कलाओं और फैब्रिक्स को एड करा रहे हैं, ताकि उन्हें घर में मॉडर्न डिजाइनिंग के साथ-साथ कुछ पार्ट में लोकल ट्रेडिशनल टच जैसा वातावरण मिल सके।



### जनजातीय शिल्प वुडन व पेंटिंग से सजा रहे घर

इंटीरियर डिजाइनर्स छत्तीसगढ़ी शिल्प ढोकरा आर्ट की मूर्तियों, बांस की सींकों से कुर्सियां, टेराकोटा आर्ट में मिट्टी से बने पशु-पक्षियों के खिलौने, मूर्तियां, तुम्बा शिल्प, लौह शिल्प, जनजातीय भित्त चित्र, गोदना आर्ट, खादी और सूती के कपड़ों से बने प्रिंटेंड खिड़की-दरवाजे के पर्दे, सोफा कवर आदि सामग्री का अब तेजी से इंटीरियर डिजाइनिंग में इस्तेमाल व डिमांड बढ़ा है।

### गार्डन पर बनवा रहे गजीबो

इंटीरियर डिजाइनर्स का कहना है कि आजकल घर के गार्डन में गजीबो बनवा रहे है, जहां गर्मी के मौसम में में ठंडे वातावरण में बैठने का लुत्फ उठाया जा सके। इसके लिए ट्राइबल आर्ट मटेरियल जैसे बैम्बू, लकड़ी, कवेलू पैटर्न से गजीबो को आकर्षक इंटीरियर डिजाइन कराया जा रहा है। यह अष्टकोणीय या वर्गाकार रूप में विकासित कर इसे आधुनिक लाइट्स और बेलों से सजाकर आकर्षक बनाया जा रहा है।

# ग्रैंड तम्बोला में उमड़ी भीड़, प्रभात फेरी और रक्तदान से दिखा सेवाभाव

**रायपुर।** भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव 2026 के तहत धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजनों की श्रृंखला पूरे उत्साह के साथ जारी है। गुरुवार को एमजी रोड स्थित जैन दादाबाड़ी तीर्थ में ग्रैंड तम्बोला का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में समाज की महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स द्वारा किया गया, जिसमें विमल विंग्स, विमल महिला मंडल, नमोकर खंडेलवाल महिला मंडल और जिनाज्ञा ग्रुप का सहयोग रहा। विजेताओं को डिनर सेट, मिक्सर-ग्राइंडर, इंडक्शन, एयर फ्रायर, एलईडी टीवी और रेफ्रिजरेटर जैसे आकर्षक पुरस्कार दिए गए। महोत्सव के तहत गुरुवार सुबह पंचशील नगर से पाम रेसिडेंसी, कटोरा तालाब तक प्रभात फेरी निकाली गई। इसमें पुरुष सफेद और महिलाएं केसरिया वेशभूषा में शामिल हुईं। बच्चों ने हाथों में तख्तियां लेकर भगवान महावीर के अहिंसा, सत्य और करुणा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया। साथ ही बच्चों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।महोत्सव समिति के संरक्षक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत के मार्गदर्शन में पूरे शहर में 15 दिनों तक प्रभात फेरियां निकाली जा रही हैं।



### 30 यूनिट रक्तदान, आमजनों से की अपील

सेवा कार्यों के अंतर्गत आयोजित 15 दिवसीय रक्तदान अभियान में गुरुवार को पाम रेसिडेंसी, कटोरा तालाब में 30 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं ने समाज के अन्य लोगों से भी जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आने की अपील की।

# नारी संगठन ही सामाजिक जीवन की सबसे बड़ी शक्ति

रायपुर। सहकार भारती प्रदेश संगठन के द्वारा सहकार भारती महिला प्रकोष्ठ का एक दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेक्टर-7 के शांति सभागार में दो सत्रों में आयोजित किया गया था। सम्मेलन में पूरे प्रदेश भर के सभी जिलों से सहकारिता से जुड़ी लगभग 800 से अधिक महिला प्रतिनिधियों की सहभागिता रही। इस दौरान अतिथियों ने नारी संगठन ही समाजिक जीवन की सबसे बड़ी शक्ति बताया। महिलाएं ही सहकारिता की योजनाओं को घर घर जाकर पहुंचने में अग्रणी भूमिका निभा सकती हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, सहकार भारती की राष्ट्रीय महिला प्रमुख रेवती शेन्दुर्निकर, ब्रह्माकुमारीज प्रमुख आशा बहन, सहकार भारती प्रदेश संगठन महामंत्री कनीराम, विधायक रिकेश सेन, रजनी विजय बघेल, प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा, अशोक दीवान सहित अन्य उपस्थित थे। शुरुआत भारत माता एवं सहकार भारती के संस्थापक लक्ष्मणराव इनामदार के चित्र पर माल्यार्पण, ध्वजारोहण और जय सहकार के गुंजायमान नारों की उद्घोषणा कर की गई। इस दौरान प्रदेश संगठन द्वारा प्रादेशिक स्तर पर संगठन मजबूत करने महिला प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक स्मिता दोडके, प्रदेश सह संयोजक पूजा पांडे, एफपीओ प्रदेश संयोजक डॉ अनुज नारद, सहकार भारती दुर्ग संभाग संयोजक दीपक मिश्रा, मत्स्य प्रकोष्ठ महिला संयोजक अंजू मटियारा को जिम्मेंदारी दी गई।

कार्नर न्यूज

हौसले के आगे हारी चोट, मोनिखा और इसाक ने वेटलिफ्टिंग में जीता गोल्ड

# 3 महीने पहले मुड़ गया था घुटना, कोच करने वाले थे बाहर, दर्द से कराहते हुए उठाया 130 किलो और असम के लिए जीता गोल्ड

**रायपुर।** खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में विभिन्न राज्यों के ग्रामीण क्षेत्रों का दबदबा है। गांव से निकलकर अपनी मेहनत के दम पर खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा को साबित कर रहे हैं। ट्राइबल गेम्स के दूसरे दिन 15 वर्षीय अंजलि मुंडा ने अपने प्रदर्शन से सभी को चौंका दिया। अंजलि ने 200 मीटर फ्री-स्टाइल स्पर्धा में 2.39.02 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। साथ ही वे इस प्रतियोगिता की पहली महिला स्वर्ण पदक विजेता बन गईं। ओडिशा के जाजपुर जिले के गहिरागड़िया गांव की रहने वाली अंजलि ने बताया कि 2022 में कक्षा में खेल चयन के दौरान उन्होंने तैराकी को चुना एक ऐसा खेल, जिसे वे उस समय सिर्फ मनोरंजन के रूप में जानती थीं। साधारण पृष्ठभूमि से आने वाली अंजलि चार भाई-बहनों में सबसे छोटी हैं। उनके पिता एक स्थानीय फैक्ट्री में वैन चालक हैं। 10 वर्ष की आयु में वे कलिंगा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज से जुड़ीं, जहां उन्हें निशुल्क शिक्षा और प्रशिक्षण मिला। यहीं से उनके खेल करियर की नींव मजबूत हुई।






### चोट भी नहीं डिगा सकी हौसला

मिजोरम के इसाक मालसावम्तलुआंगा भी पीठ की चोट से जूझ रहे थे। स्नैच में 108 किग्रा उठाने में संघर्ष के कारण वह दूसरे स्थान पर थे, लेकिन क्लीन एंड जर्क में शानदार वापसी करते हुए 130 किग्रा उठाकर कुल 235 किग्रा के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। झारखंड के बाबूलाल हेम्ब्रम (230 किग्रा) ने रजत और ओडिशा के सुब्रत नाइक (228 किग्रा) ने कांस्य पदक जीता।

शुरुआत में वे अपनी बड़ी बहन से प्रेरित थीं, जो तीरंदाजी में सक्रिय हैं, लेकिन अंजलि ने तैराकी को अपना मार्ग चुना। उनकी मेहनत जल्द ही रंग लाई और तैराकी शुरू करने के एक वर्ष के भीतर ही उन्होंने एक स्थानीय प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। अब अंजलि की नजर आगामी स्पर्धाओं 50 मीटर बैकस्ट्रोक, 100 मीटर बैकस्ट्रोक और 200 मीटर इंडिविजुअल मेडली पर है, जहां वे अपने प्रदर्शन को और बेहतर करने के इरादे से उतरेंगी।

### प्रतियोगिता से बाहर करने वाले थे कोच

वेटलिफ्टिंग में असम की मोनिखा सोनोवाल और मिजोरम के इसाक मालसावम्तलुआंगा ने चोट से जूझते हुए शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीते। मोनिखा ने घुटने की चोट के बावजूद महिलाओं के 48 किलोग्राम वर्ग में 57 किग्रा स्नैच और 75 किग्रा क्लीन एंड जर्क के साथ कुल 132 किग्रा उठाकर स्वर्ण पदक जीता। ओडिशा की दीपारानी मलिक (120 किग्रा) ने रजत और अंडमान-निकोबार की अलास्का अलीना (115 किग्रा) ने कांस्य पदक हासिल किया। मोनिखा, जो असम के धेमाजी जिले से हैं, ने बताया कि तीन महीने पहले अभ्यास के दौरान उनका घुटना मुड़ गया था और कोच उन्हें प्रतियोगिता से हटाने पर विचार कर रहे थे, लेकिन उन्होंने खेलने का फैसला किया। 19 साल के खिलाड़ी ने कहा कि मैं इस प्रतियोगिता को मिस नहीं करना चाहती थी, क्योंकि मैं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाना चाहती थी। मुझे खुशी है कि मैं दबाव में अच्छा प्रदर्शन कर सकी।

## धर्म लाइव

# रविवि में एडवांस्ड एक्सेल कार्यशाला सीखीं शोध व सर्वेक्षण की बारीकियां



**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के तत्वावधान में सर्वेक्षण एवं शोध आधारित डेटा के विश्लेषण के लिए एडवांस्ड एक्सेल एवं एसपीएसएस विषय पर साप्ताहिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन सेंटर फॉर बेसिक साइंस, स्कूल ऑफ रीजनल स्टडीज एंड रिसर्च, स्कूल ऑफ स्टडीज इन कंप्यूटर साइंस एंड आईटी तथा एमएमटीटीसी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यशाला में अर्थशास्त्र एवं सांख्यिकी विभाग के सहायक सांख्यिकी अधिकारी एवं अन्वेषक प्रतिभागी के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को आधुनिक डेटा विश्लेषण तकनीकों, विशेष रूप से एडवांस्ड एक्सेल एवं एसपीएसएस के व्यावहारिक उपयोग में दक्ष बनाना था, ताकि वे सर्वेक्षण एवं शोध आधारित आंकड़ों का प्रभावी विश्लेषण कर सकें। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा हाल ही में लघु वनोपज के योगदान एवं गैर-पेशेवर मत्स्यजीवियों की जीएसडीपी में भागीदारी से संबंधित परियोजना की रिपोर्ट अर्थशास्त्र एवं सांख्यिकी विभाग को प्रस्तुत की गई है।

### उन्नत विश्लेषणात्मक उपकरणों को किया रेखांकित

कार्यशाला के समापन कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि डिप्टी डायरेक्टर दिनेश तिवारी विशिष्ट अतिथि रहे। अपने उद्बोधन में कुलपति प्रो. शुक्ला ने डेटा आधारित नीति निर्माण में उन्नत विश्लेषणात्मक उपकरणों की भूमिका को रेखांकित करते हुए प्रतिभागियों को अर्जित ज्ञान का व्यवहारिक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला के समन्वयक प्रो. प्रीति के. सुरेश, प्रो. केशवकांत साहू एवं प्रो. एलएस गजपाल थे, जिनके मार्गदर्शन में कार्यक्रम का सफल संचालन सुनिश्चित हुआ। प्रशासनिक विभागों एवं विश्वविद्यालयों के मध्य समन्वय स्थापित करने तथा शासकीय कार्यों की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने की दिशा में इस प्रकार के प्रशिक्षण एवं क्षमता-विकास कार्यक्रम अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

## धर्म लाइव

# इंडस्ट्री की जरूरत के लिहाज से नए कोर्स को किया लॉन्च



**रायपुर।** आईटीएम यूनिवर्ससिटी युवाओं को कॅरियर निर्माण के लिए नए अवसर शैक्षणिक सत्र 2026 में देने जा रहा है। इसके लिए अब एडमिशन प्रक्रिया शुरू करने के साथ प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान नए प्रॉस्पेक्टस को लॉन्च किया। वाइस चांसलर डॉ. लक्ष्मी मूर्ति और ग्रुप डायरेक्टर धर्मवीर धीर ने संयुक्त रूप से बताया कि बैंकिंग और फाइनेंशियल सर्विसेज के स्पेशलाइज्ड प्रोग्राम को शामिल किया है। इसे इंडस्ट्रीज की वर्तमान जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया है। इस वर्ष हॉस्पिटैलिटी प्रोग्राम्स में भी ग्लोबल कॅरियर पाथवे शुरू किए गए हैं। इसके तहत छात्रों को विदेशों में इंटर्नशिप और इंटरनेशनल एक्सपोजर भी मिलेंगे। डॉ. मूर्ति ने बताया कि नए प्रोग्राम्स को तेजी से बदलते इंडस्ट्री के लिए तैयार किया है।

### छात्रों को दिया 7 करोड़ रुपए स्कॉलरशिप

उन्होंने बताया कि हाल ही में आयोजित जॉब केयर में 1000 से अधिक उम्मीदवारों ने भाग लिया, जहां 80 से अधिक कंपनियों ने हिस्सा लेते हुए लगभग 250 छात्रों को स्पॉट पर ऑफर दिए। यह मजबूत इंडस्ट्री कनेक्ट को दर्शाता है। ग्रुप डायरेक्टर ने बताया कि एडमिशन प्रक्रिया पूरी तरह मेरिट के आधार पर की जाती है। यहां किसी भी प्रकार से डोनेशन, कैपिटेशन फीस या सिफारिश की कोई जगह नहीं है। उन्होंने बताया कि हम शिक्षा को सुलभ बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पिछले वर्ष यूनिवर्सिटी ने करीब 7 करोड़ रुपए की स्कॉलरशिप छात्रों को दी है। अब इसे और आगे बढ़ाने की दिशा में काम किया जा रहा है।

## समाज इवेंट

# गुरु बालकदास बलिदान दिवस कल श्रद्धांजलि देने जुटेगा सतनामी समाज



**रायपुर।** सतनामी समाज द्वारा गुरु बालकदास साहेब का 166वां बलिदान दिवस 28 मार्च शनिवार को दोपहर 2 बजे न्यू राजेंद्र नगर स्थित गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी भवन में मनाया जाएगा।

बाबा गुरु घासीदासजी के द्वितीय सुपुत्र एवं उनके उत्तराधिकारी रहे राजा गुरु, गुरु बालकदास साहेब के 166वें बलिदान दिवस कार्यक्रम दिवस बड़ी संख्या में सतनामी समाज के लोग एकत्रित होकर उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व को याद कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। अकादमी के अध्यक्ष केपी खण्डे, महासचिव डॉ. जेआर सोनी एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने जानकारी देते हुए बताया कि 28 मार्च 1860 को मुंगेली जिले के औराबांधा में गुरु बालकदास की हत्या कर दी गई थी। गुरु की इस शहादत को अमरत्व प्रदान करने के लिए उनकी स्मृति में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। शहादत दिवस के इस कार्यक्रम में सतनामी समाज के सभी सदस्यों को उपस्थित होने की अपील की गई है। पदाधिकारियों ने बताया कि शहादत दिवस पर समाज की नई पीढ़ी को गुरु बालकदास साहेब के शौर्य, बलिदान और समाज के प्रति उनके समर्पण को बताया जाएगा। इस अवसर पर समाज के लिए समर्पित भाव से सतनाम के संदेश को फिल्म, पत्रिका और विभिन्न माध्यमों से प्रचारित-प्रसारित करने वाले लोगों का सम्मान भी किया जाएगा।

● आदिशक्ति माता के प्रति अद्भुत आस्था और भक्ति का अनूठा रूप देखने को मिला

# माता दरबार में हवन-पूजन कर मांगी मन्नत, सांग धारण कर जंवारा विसर्जन करने निकले श्रद्धालु

दुर्गा अष्टमी पर देवी मंदिरों में सुबह 8 बजे से हवन-पूजन और मंत्रोच्चार से वातावरण भक्तिमय रहा। गुरुवार को सुबह से शाम तक भक्तों की देवी मंदिरों में भीड़ उमड़ी रही। वहीं हवन-पूजन, पूर्णाहुति के बाद कई मंदिरों से जंवारा विसर्जन किया गया। इसमें भक्तों ने शक्ति की भक्ति का प्रदर्शन करते हुए सिर पर कलश और शरीर पर बाना धारण किया।









**रायपुर।** छत्तीसगढ़ नगर महामाया मंदिर से चिरौंजी तालाब के लिए भक्तों ने जोत-जंवारा विसर्जन यात्रा निकाली। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस जोत-जंवारा विसर्जन में भक्तों का आदिशक्ति माता के प्रति अद्भुत स्था और भक्ति का अनूठा रूप देखने को मिला। इसी तरह से शहरभर में अलग-अलग मंदिरों और निजी निवास से जोत-जंवारा लेकर भक्त विसर्जन के लिए बड़ी संख्या में तालाबों की ओर निकले। इस दौरान गजब का भक्तिमय वातावरण बना।



### जगह-जगह भोग भंडारा और प्रसादी

शहर के प्रमुख मंदिर व चौक-चौराहों पर मंदिर प्रबंधन समितियों, समाजसेवियों और माता के भक्तों द्वारा जगह-जगह भोग भंडारे व प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया। यहां पर भक्त बड़ी संख्या में भोग-भंडारे में माता का प्रसाद ग्रहण कर तृप्त होते दिखे। भोग भंडारे में बच्चे-बड़े सभी ने प्रसाद ग्रहण किया।



### रामनवमी के लिए सजे श्रीराम मंदिर



आज रामनवमी को लेकर श्रीराम मंदिरों को जगमग सजाया गया है। वहीं रामभक्तों द्वारा रामनवमी की पूर्व संध्या पर जगह-जगह प्रसाद वितरण भी किया गया। आज सुबह से लेकर शाम तक वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर में श्रीराम जन्मोत्सव की धूम रहेगी। वहीं दूधाधारी मंदिर को भी रोशन किया गया है। इस प्रकार शहर के श्रीराम-जानकी मंदिर में भी आज रात भक्तों का तांता लगा रहेगा।

### बंजारी धाम मंदिर

भनपुरी स्थित बंजारी धाम मंदिर में अष्टमी पर आज सुबह 8 बजे से हवन-पूजन, 10 बजे महाआरती, 11 बजे कन्या भोज दोपहर 12 बजे जंवारा विसर्जन हुआ। अम्बा देवी मंदिर सत्ती बाजार में सुबह 10.30 बजे हवन-पूजन पूर्णाहुती और कन्या भोज में भक्तों का तांता लगा।

### यूनिवर्सिटी बंजारी माता मंदिर

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिसर स्थित मां बंजारी माता मंदिर में अष्टमी पर विशेष हवन-पूजन का आयोजन किया गया। सुबह 8 बजे से ही भक्त पूजा और हवन में शामिल हुए। आकाशवाणी चौक कालीमाता मंदिर में अष्टमी पर सुबह से ही हवन-पूजन के लिए श्रद्धालु मंदिर प्रांगण में जुटे रहे। इसके अलावा पुरानी बस्ती महामाया मंदिर में सुबह 10 बजे हवन-पूजन में भक्त शामिल हुए।

### नवदुर्गा का रूप धर देवी गीतों पर झूमें

शहर के सड़कों पर डीजे की धुन पर देवी गीतों पर भक्त झूमते हुए माता की भक्ति में सराबोर दिखे। जोत-जंवारा विसर्जन का दर्शन करने लिए लोगों की हुजूम उमड़ पड़ा। जंवारा विसर्जन में कई भक्तों ने देवी के अलग-अलग रूप धारण किए। भक्तों का यह देवी रूप लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। सुबह से देर रात तक शहर के तालाबों में जोत-जंवारा विसर्जन का सिलसिला चलता रहा और लोग अष्टमी पर भक्ति व उत्साह में डूबे रहे।

# शोलापुरी माता के धाम में उमड़ेगी आस्था, पहले दिन सिर पर कलश धारण करके निकलेंगी 108 महिलाएं

**रायपुर।** श्रीश्रीश्री शोलापुरी माता मंदिर में आगामी 5 से 8 अप्रैल के बीच मंदिर में धूमधाम से पूजा का आयोजन किया जाएगा। इस कड़ी में कलश पुनर्स्थापना महोत्सव के लिए आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई है। डब्ल्यूआरएस कॉलोनी स्थित केंद्रीय विद्यालय के पास मंदिर से पहले दिन रविवार को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसमें शामिल 108 महिलाएं सिर पर कलश धारण करके नगर भ्रमण के लिए भक्तिभाव से निकलेंगी। इससे जलाधिवास और कलश प्रवेश के बाद गणेश पूजा की पूजा होगी। समिति के अध्यक्ष बी. श्रीनिवास राव, सचिव एम. वेंकट रमना और कोषाध्यक्ष एल. वेंकट राव ने बताया कि इसके लिए तैयारियों का सिलसिला शुरू हो गया है।





### हर दिन विधि-विधान से पूजा

*आयोजन समिति के लोगों ने बताया कि 6 अप्रैल को जीर्ण उद्यार्ण प्रायश्चित पूजा, क्षीरा अभिषेक के बाद महालिंगा अर्चना की जाएगी। इस कड़ी में रूद्राभिषेक सहित सुबह और शाम के समय में विधि-विधान से पूजा का विधान पारंपरिक तरीके से किया जाएगा। वहीं 7 अप्रैल को नित्य उपासना, श्रीचक्रा नव आवरण अर्चना के बाद शाम को अमृत स्वीकरण का विधान किया जाएगा। अंतिम दिन गौर पूजा, कलान्यास हवन के बाद चंडी हवन के साथ महापूर्ण आहुति माता के दरबार में की जाएगी।*

### भक्त परिवारों को सुविधा देने तैयारी शुरू

पदाधिकारियों ने बताया कि आयोजन में शामिल होने के लिए अलग-अलग क्षेत्र में रहने वाले भक्त परिवार के साथ शामिल होते हैं। गर्मी को देखते हुए उनको पूजा में शामिल होने से जुड़ी हरसंभव सुविधा देने के लिए समिति ने पदाधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय की है, ताकि आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस पूजा उत्सव के बाद सबसे बड़ी पूजा का भव्य आयोजन डब्ल्यूआरएस कॉलोनी के पूजा मैदान में किया जाएगा। जहां 28 अप्रैल से 10 मई तक शोलापुरी माता पूजा उत्सव का आयोजन किया जाएगा।

# ब्रह्माकुमारी दादी जानकी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी जानकी की छठवीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शांति सरोवर रिट्रीट सेंटर में रायपुर की संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी सहित प्रबुद्धजन इस समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर दादी जानकी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए सविता दीदी ने कहा कि वे ब्रह्माकुमारी संस्थान के संस्थापक सदस्यों में एक थीं। दादी विश्व के उन दस बुद्धिजीवियों में शामिल थीं, जिन्हें वर्ष 1992 में रियो-डि-जेनरियो में आयोजित प्रथम पृथ्वी महासम्मेलन में विश्व के प्रमुख नेताओं का मार्गदर्शन करने के लिए संयुक्त राष्ट्र ने मनोनीत किया था।




### वैज्ञानिकों ने उन्हें सर्वाधिक स्थिर चित्त महिला माना

दादी ने राजयोग से जुड़ी उपलब्धियों से दुनिया के वैज्ञानिकों को भी हैरान किया। आस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबोर्न, अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास, सेनफ्रांसिस्को की यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया जैसी संस्थाओं ने वैज्ञानिक परीक्षण में पाया कि परस्पर चर्चा करते हुए गणितीय प्रश्नों का समाधान करते हुए दादी के मस्तिष्क से डेल्टा तरंगें ही प्रवाहित होती हैं। सामान्यत: गहन विश्राम या निद्रा की अवस्था में डेल्टा तरंगे निकलती हैं। इस प्रकार का परीक्षण वैज्ञानिकों ने विभिन्न योगियों के साथ किया। इसके बाद भी कहीं पर ऐसा अद्भुत परिणाम देखने को नहीं मिला।

फैशन के दौर में आंखों और त्वचा की सुरक्षा को लेकर यूथ अवेयर

# गर्मी में सनबर्न से बचने स्किन क्रीम, स्कार्फ और सनग्लासेस की यूथ में बढ़ी डिमांड

कार्नर न्यूज




**रायपुर।** यूथ अपने सीजनल फैशन को लेकर हमेशा अवेयर रहते हैं, क्योंकि स्टाइलिश दिखने के साथ-साथ धूप और प्रदूषण से बचना भी है। गर्मी का मौसम आते ही सन स्कीन क्रिम, चश्मे और स्कार्फ का ट्रेंड तेजी से बढ़ने लगता है। स्किन विशेषज्ञ डॉ. मृत्युंजय सिंह का कहना है कि गर्मी के दिनों में लोगों में सनबर्न की समस्या आम होती है। इससे बचने धूप में निकलने से पहले अपने त्वचा की सुरक्षा के लिए स्कार्फ, कैप, ग्लब्स और त्वचा रोग विशेषज्ञों के परामर्श से स्कीन सनस्क्रीन का सुरक्षा आवरण बनाएं। साथ ही खानपान पर भी ध्यान रखना बहुत जरूरी है। गर्मी में पानी खूब पीएं, दही, खीरे, ककड़ी, हरी सब्जियों का सेवन करें, अधिक ऑयली व मसालेदार खाने से बचें।





### गर्मियों में सुरक्षा और फैशन एक साथ

चश्मे और स्कार्फ न केवल स्टाइल बढ़ाते हैं, बल्कि ये आंखों को हानिकारक किरणों से बचाने और चेहरे की त्वचा को धूप से बचाने में मदद करते हैं। गर्मी में अच्छे ब्रांडेड चश्मे चुनें जो अच्छी क्वालिटी के लेंस के साथ आते हैं।

### आंखों को धूल और गर्म हवा से बचाना जरूरी

तेज धूप और बढ़ती गर्मी का असर सिर्फ शरीर पर ही नहीं, बल्कि आंखों पर भी गहराई से पड़ता है। इससे बचने आंखों के लिए सही चश्मे का चुनाव बेहद आवश्यक है। शहर के जाने माने नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ. चारुदत्त कलमकर बताते हैं कि धूप में बाहर निकलते समय हमेशा 100 प्रतिशत यूवी प्रोटेक्शन या यूवी-400 वाला सनग्लास पहनना चाहिए। केवल गहरे रंग का चश्मा आंखों को सुरक्षित नहीं रखता, बल्कि बिना यूवी सुरक्षा वाला चश्मा आंखों को और अधिक नुकसान पहुंचा सकता है। इसलिए सनग्लास खरीदते समय उसकी गुणवत्ता जरूर जांचें। पोलराइज्ड लेंस वाले चश्में तेज रोशनी की चकाचौंध को कम करते हैं और आंखों की थकान घटाते हैं। वहीं ऐसे फ्रेम का चयन करना चाहिए, जो आंखों को सामने के साथ-साथ किनारों से भी ढंके, ताकि धूल और गर्म हवा से बचाव हो सके।

## सिटी स्पोर्ट्स

### रायपुर एवं रायपुर ब्लू पहुंचे फाइनल में, मुकाबला 29 को



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर वर्ग एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मैच के चौथे दिन शानदार मुकाबले हुए। आरडीसीए रायपुर में टीम रायपुर ब्लू विरुद्ध भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) मैच का परिणाम ड्रॉ रहा। पहली पारी की बढ़त के आधार पर रायपुर ब्लू की टीम फाइनल में पहुंची। बल्लेबाजी में रायपुर ब्लू दूसरी पारी में 152 रन पर आउट हो गई। मोहम्मद फैज खान ने 40, ऋषभ तिवारी ने 30 और सानिध्य हुरकट ने 20 रन बनाए। गेंदबाजी में बीसीए के दिवाकर ताम्रकार ने चार और अमन मिश्रा ने तीन विकेट लिए। दूसरा सेमीफाइनल मैच न्यू ग्राउंड कांकेर में हुआ। जहां टीम रायपुर विरुद्ध प्लेट कंबाइंड के मैच में परिणाम स्वरूप रायपुर ने मैच 7 विकेट से जीता एवं फाइनल में प्रवेश किया। बल्लेबाजी प्लेट कंबाइंड पहली पारी 127 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में रायपुर पहली पारी में 168 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में प्लेट कंबाइंड दूसरी पारी 183 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में रायपुर ने दूसरी पारी तीन विकेट पर 143 रन बनाए। इस प्रतियोगिता का फाइनल मैच बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में 29 मार्च से खेला जाएगा। फाइनल मैच रायपुर एवं रायपुर ब्लू के मध्य होगा।

### राज्य स्तरीय यूथ एवं जूनियर बॉक्सिंग में शीर्ष रहा बीएसपी बॉक्सिंग क्लब



**भिलाई।** 17वीं राज्य स्तरीय यूथ एवं जूनियर (बालक एवं बालिका) बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन 21 मार्च से 23 मार्च तक भिलाई में किया गया। भिलाई इस्पात संयंत्र के बीएसपी बॉक्सिंग क्लब ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यूथ एवं जूनियर दोनों वर्गों में प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया। यूथ वर्ग में बीएसपी टीम ने कुल 34 अंकों के साथ चैंपियनशिप अपने नाम की। इस वर्ग में वाई. उमेश ने अपने शानदार प्रदर्शन के आधार पर 'बेस्ट बॉक्सर'का खिताब भी हासिल किया। व्यक्तिगत स्पर्धाओं में गिरवान सिंह ने 50–55 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया, वहीं वाई. उमेश ने 55–60 किलोग्राम वर्ग तथा गौतम सिंह ने 60–65 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर टीम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके अतिरिक्त डी. साई किरण ने 70–75 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक अर्जित किया, वहीं पुरेंद्र भाई पटेल ने 47–50 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया। इसी क्रम में जूनियर वर्ग में भी बीएसपी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 14 अंकों के साथ टीम चैंपियनशिप अपने नाम की। जूनियर वर्ग में शिवदीप राय ने 'बेस्ट बॉक्सर'का खिताब हासिल करते हुए 46–48 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। चितेश्वर ने 50–52 किलोग्राम वर्ग तथा नमन कुमार साहू ने 57–60 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक अर्जित कर टीम की सफलता को और मजबूत किया। खिलाड़ियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के पीछे कोच तीर्थ रजत के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने खिलाड़ियों को उच्च स्तर की प्रतियोगिता के लिए तैयार किया। बीएसपी प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर सभी खिलाड़ियों एवं कोच को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### एसएमएस, मेडिकल और ब्लास्ट फर्नेस की टीम ने जीते अपने मैच



**भिलाई।** बीएसपी फ्रेंड्स क्लब द्वारा आयोजित फ्रेंड्स कप अंतर विभागीय प्रो सॉफ्ट क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत गुरुवार को शानदार मुकाबले हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में पहला मैच एसएमएस विरुद्ध राइट्स हुआ। परिणाम में एसएमएस ने चार विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच संतु राव रहे। दूसरा मैच मेडिकल एवं कोक ओवन के मध्य खेला गया। परिणाम में मेडिकल ने 10 रन से जीता। प्लेयर ऑफ द मैच इशांत रहे। तीसरा मैच ब्लास्ट फर्नेस एवं जीआर-11 के मध्य खेला गया। परिणाम में ब्लास्ट फर्नेस ने 8 विकेट से जीता। प्लेयर ऑफ द मैच शिवम गोयल रहे। चौथा मैच मेडिकल एवं यूआरएम के मध्य खेला गया। परिणाम में मेडिकल ने 52 रन से जीता। प्लेयर ऑफ द मैच इशांत रहे। मैच के अंपायर राधेश्याम, विकास मेहरा, अभय यादव, विवेक सिंह, विनय कुमार सुधाकर एवं संजय स्कॉलर, स्कोरर विनोद देवघरे,अनिल सिंह, भीम मीणा एवं वीरेंद्र, पिच क्यूरेटर आजाद अहमद खान एवं जीवन सिंह रहे।

#### गड़बड़ स्लीप पैटर्न के हो सकते हैं दुष्परिणाम

# समय पर नहीं सोते हैं तो आपके पेट के लिए बज गई खतरे की घंटी, होंगी ये बीमारियां


क्या आपको भी अक्सर पेट में समस्या बनी रहती है? कहीं यह आपके गड़बड़ स्लीप पैटर्न के कारण तो नहीं? जी हां, अगर आपके रोजाना सोने जागने का समय ठीक नहीं है तो इसका पाचन स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव हो सकता है। अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि अनियमित नींद का पैटर्न आपके पेट में हानिकारक बैक्टीरिया को बढ़ावा देने वाला हो सकता है। इस प्रकार के बैक्टीरिया न सिर्फ पाचन स्वास्थ्य को बिगाड़ सकते हैं, साथ ही गुड बैक्टीरिया पर को भी ये कम करने वाले हो सकते हैं। यह पहला ऐसा अध्ययन है जिसमें शरीर की आंतरिक घड़ी यानी सर्केडियन रिदम को पाचन स्वास्थ्य समस्याओं से जोड़कर देखा गया है।

शोधकर्ताओं का कहना है कि सोने और जागने के समय में 90 मिनट का अंतर भी माइक्रोबायोम को प्रभावित कर सकता है, जिसके स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव हो सकते हैं। इससे पहले के अध्ययनों में अनियमित स्लीप साइकिल को सेहत के लिए कई प्रकार की समस्याओं का कारण पाया गया था। इस अध्ययन में पेट की समस्याओं को लेकर लोगों को अलर्ट किया है।




## नींद की कमी से सेहत पर असर

शोधकर्ता कहते हैं, नींद की कमी संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती है। यही कारण है कि सभी लोगों को रोजाना रात में 6-8 घंटे की निर्बाध नींद लेने की सलाह दी जाती है। किंग्स कॉलेज लंदन के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए इस शोध अनुसार, इस बारे में जागरूकता कम है कि सोने के पैटर्न में छोटी-छोटी विसंगतियों भी शरीर की जैविक लय प्रभावित कर सकती हैं। इस अध्ययन में हमने पाया गया है कि ये पाचन स्वास्थ्य के लिए भी समस्या बढ़ाने वाली स्थिति हो सकती है।



## क्या कहते हैं स्वास्थ्य विशेषज्ञ?

किंग्स कॉलेज लंदन में प्रोफेसर और शोध के वरिष्ठ लेखक डॉ. वेंडी हॉल कहती हैं, हम जानते हैं कि नींद में व्यवधान, जैसे कि नाइट शिफ्ट में काम करना आपके स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव डाल सकते हैं। शोधकर्ताओं का सुझाव है कि आंत में रोगाणुओं की संरचना पाचन से लेकर मेटाबॉलिज्म तक को भी प्रभावित करने वाली हो सकती है। अध्ययन से 934 लोगों के एक समूह का मूल्यांकन किया। उनके रक्त, मल और आंतों के माइक्रोबायोम सैंपल के साथ-साथ नियमित नींद की अवधि का आकलन किया गया।



## गंभीर रोगों का भी बढ़ जाता है खतरा

अध्ययन के निष्कर्ष में पाया गया कि नींद की कमी आंतों में बैड माइक्रोबायोम को बढ़ाने वाली हो सकती है। अध्ययन में पाया गया कि खराब आहार गुणवत्ता, मोटापे और कार्डियोमेटाबोलिक स्वास्थ्य के कारण दिल का दौरा, स्ट्रोक और मधुमेह का खतरा हो सकता है।



# फेंगशुई के अनुसार रखें लाफिंग बुद्धा, खुलेगा तरक्की का हर रास्ता

लाफिंग बुद्धा को आप बाजार में कई रूपों में देख सकते है जैसे-हँसता हुआ,बैठा हुआ,दोनों हाथ ऊपर किए या कंधे पर धन की पोटली लिए आदि।आप कौनसे बुद्धा को किस जगह रखें जिससे आपको अपेक्षित लाभ प्राप्त हो सके।

फेंगशुई शास्त्र के अनुसार लाफिंग बुद्धा हमारे घर में रखना शुभ माना जाता हैं। ऐसा माना जाता है कि लाफिंग बुद्धा हमारे घर में रखने से हमारे घर में हमेशा के लिए सुख शांति बनी रहती हैं वहीं घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार बना रहता हैं। लाफिंग बुद्धा को घर में रखने से हमें सफलता की प्राप्ति होती हैं व हमारी आर्थिक स्थिति मजबूत बनती हैं। माना जाता है कि घर में रखा हुआ लाफिंग बुद्धा घर-परिवार पर कोई विपत्ति नहीं आने देता है। लाफिंग बुद्धा को आप बाजार में कई रूपों में देख सकते है जैसे-हँसता हुआ,बैठा हुआ,दोनों हाथ ऊपर किए या कंधे पर धन की पोटली लिए आदि।आप कौनसे बुद्धा को किस जगह रखें जिससे आपको अपेक्षित लाभ प्राप्त हो सके।आप कौनसे बुद्धा को किस जगह रखें जिससे आपको अपेक्षित लाभ प्राप्त हो सके। लाफिंग बुद्धा को घर या दफ्तर में जहां भी रखें इस बात का ध्यान रखें कि उसकी ऊंचाई आपकी आंखों के बराबर तक हो ताकि आते आते आपकी सीधी नजर उस पर पड़े।

# नींबू का ब्लड प्रेशर पर होने वाला असर जानिए, मिलेगा फायदा

ब्लड प्रेशर के खतरे को कम करने के लिए आपने नींबू के सेवन के बारे में सुना होगा, पर क्या वास्तव में इससे ब्लड प्रेशर को कंट्रोल किया जा सकता है? आइए जानते हैं कि इस बारे में अध्ययनों से क्या पता चलता है?

## नींबू से कम हो सकता है ब्लड प्रेशर का खतरा

शोधकर्ताओं ने अध्ययनों में पाया कि अगर आप ब्लड प्रेशर बढ़ने की स्थिति में नींबू का सेवन करते हैं तो इससे कुछ लोगों में इसे कंट्रोल करने में लाभ मिल सकता है। लेमन ड्रिंक में कई ऐसे खनिजों के अंश होते हैं जो रक्तचाप को कम करने में फायदेमंद हो सकते हैं। कैल्शियम और पोटेशियम दोनों उच्च रक्तचाप से पीड़ित लोगों में रक्तचाप को कम करते हैं और ये दोनों नींबू से प्राप्त किए जा सकते हैं। एक अन्य अध्ययन से पता चलता है कि नींबू पानी से सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर काउंट में आसानी से सुधार करने में लाभ पाया जा सकता है। नींबू हमारे शरीर के लिए और भी कई प्रकार से लाभकारी हो सकता है।

## आपकी त्वचा को रखता है स्वस्थ

नींब को खास बनाती है इसमें मौजूद विटामिन-सी की मात्रा, जिसे एस्कॉर्बिक एसिड के रूप में भी जाना जाता है। आपका शरीर इसे नहीं बना सकता, इसलिए आपको इसे भोजन से प्राप्त करना होगा। यह कोलेजन के निर्माण में मदद करता है, जो आपकी त्वचा को लचीला और स्वस्थ रखने के लिए



आवश्यक है। पर्याप्त मात्रा के इन पोषक तत्वों के बिना त्वचा में झुर्रियां पड़ने लगती हैं। निश्चित रूप से सही विटामिन और पोषण आपके उम्र बढ़ने की रफ्तार को धीमा कर सकती है।

## एंटीऑक्सीडेंट रखेंगे कई बीमारियों से दूर

नींबू में विटामिन-सी, फ्लेवोनोइड्स, फेनोलिक एसिड और कूमारिन प्रचुर मात्रा में होते हैं। ये एंटीऑक्सीडेंट शरीर को फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचाने और कैंसर जैसी बीमारियों के जोखिमों को कम करने में भी आपके लिए लाभकारी हैं। फ्री-रेडिकल्स आपकी कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाते हैं और बीमारियों को बढ़ाने वाले हो सकते हैं, नींबू का सेवन इस समस्या में आपके लिए फायदेमंद है।

## मस्तिष्क की सेहत को लाभ

नींबू में विशेष रसायन होते हैं जो मस्तिष्क कोशिकाओं को शरीर के विषाक्त पदार्थों से सुरक्षित रखने में मदद कर सकते हैं। ये तत्व सामान्य कोशिकाओं के ब्रेक डाउन करने और इंफ्लामेशन से सुरक्षित रखने में मदद करते हैं।

Education Time

MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"EDUCATION MAKES FUTURE BETTER"
Admission Open For Pre Primary & Classes 1st - 12th (Maths, Bio, Arts, Com.)
HIGHLIGHT
Strong Academic Foundation & Personalized Attention
• Spoken English & Personality Development
• Safe & Reliable Transport with Surveillance
• Smart Learning with activity based teaching methods
• Regular Seminars, competitions & interactive sessions
• Scholarships for Meritorious Students (90% & Above from Other Schools)
Register Now at www.mesraipur.com
Civil Lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.)
Contact : 94252-14413, 93296-21221

Bright Kids ACADEMY
Bright Kids-Where Fun Meets Learning"
Activity-Based Curriculum for Happy, Smart Learners
ADMISSION OPEN! Session: 2026-27
PRESCHOOL •Playgroup •Nursery •LKG •UKG
DAYCARE CENTRE
TRANSPORT SERVICE AVAILABLE
+91 96696 53335, 78282 53335
'Hands on... Minds on' Curriculum
Air-Conditioned Classrooms & Safe, Hygienic Campus
Smart Book Kits, DIY portal & Montessori Toy Library
Experienced, Caring Educators
CCTV Secured Campus
Web.: https://brightkidmont.com/schools/best-pre-school-in-raipur-bright-kids-academy
Address: Near Ramkrishna Hospital, Triveni Vihar, Pachpedi Naka Raipur (C.G.)

ROYAL PUBLIC SCHOOL
In Pursuit of Excellence
Admission Open
For Play Group, Pre-Primary, Classes 1st to 12th
(Maths, Bio, Com. Arts)
Chourasiya Coloney Near, Simran City Santoshi Nagar, Raipur
Call - 0771-4913336, 9589085558,
Transport Service Available
Play, Learn and Grow... Together!
Audio, Visual, and Play-Way Method of Teaching for Pre-Primary Classes

Contact to Add Your School - 7987119756

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 79871 19756 90981 38778

A VENUE THAT FEEDS Dreams and Delights to Your Guests
22 Rooms Fully Loaded with Modern Amenities
Deluxe Rooms - 11
Executive Balcony - 11
A PLACE THAT Compliments Your Events!
In-House Catering
In-House Decor
Pure Veg Restaurant (by india's best chef)
Banquet Hall Cap : 50 - 250 Person
Ample Number of Car Parking Space (150+ Car Park at a Time)
SHREEJI INN HOTEL Restaurant-Banquet Hall
BANQUET HALL ROOMS CAFE & RESTAURANT BOARD ROOM
WE ORAGANISE : Marriage Functions,Corporate Events, Birthday Party, Kitty Party & More...
BOOKING NOW +91 93297 44444
Ring Road - 1, Infront of Shyam Petrol Pump, Near Kushalpur Chowk, Raipur (C.G.)

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

पटेल बोरवेल्स
मोटर बाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS Pumping trust. Worldwide.
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

दुकान एक कुलर अनेक
कूलर हाउस
Sunday Open
रूम-विन्डो हॉल, डक्टिंग, इण्डस्ट्रीयल कूलर
75 नये माडलों के साथ विशाल शो-रूम
रूम ठंडा करने की गांरटी फीटिंग के साथ
सिटी कोटवाली, नगर निगम के पास, गांधी चौक, रायपुर
आकाश जैन - 98261-64650, रतन जैन - 98271-29211

GST रजिस्ट्रेशन नंबर बनवाएं मात्र 500/- में
2 साल पुरानी ITR फाईल बनवाएं मात्र 2000/- में
CMA DATA | प्रोजेक्ट रिपोर्ट | FOOD लाइसेंस | UDYAM-MSME | TDS रिफंड | Whatsapp पर बनवाएं
C-74 Sector 1, Devendra Nagar, Near Jubesta Hospital
Beside Adarsh School, Pandri, Raipur
संपर्क : शेखर गुप्ता 9300755544, 8878655544

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'प्युअर्टा रिको'में बैड बनी निभाएंगे लीड रोल, बनाया था ग्रैमी में रिकॉर्ड

हाल ही में सुपर बाउल हाफटाइम शो में अपनी शानदार परफॉर्मेंस से सुर्खियां बटोरने वाले बैड बनी इससे पहले ब्रैड पिट की फिल्म 'बुलेट ट्रेन' और 'कॉट स्टीलिंग'जैसी फिल्मों में नजर आ चुके हैं। लेकिन पहली बार वे किसी फिल्म में वे लीड रोल में नजर आएंगे।



प्योर्टो रिको के ग्लोबल सुपरस्टार बैड बनी अब बड़े पर्दे पर लीड रोल में नजर आने वाले हैं। वे ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म 'प्युअर्टा रिको'में मुख्य भूमिका निभाएंगे। यह उनकी पहली फीचर फिल्म होगी, जिसमें वे बतौर लीड स्टार दिखाई देंगे।
'प्युअर्टा रिको'को मेकर्स ने 'एपिक कैरेबियन वेस्टर्न'बताया है। यह फिल्म प्योर्टो रिको के इतिहास और उसकी जड़ों को सच्ची घटनाओं से प्रेरित कहानी के जरिए दिखाएगी। खास बात यह है कि फिल्म का निर्देशन ग्रैमी विनिंग रैपर रेसिडेंटे करेंगे, जो इस फिल्म से बतौर निर्देशक डेब्यू कर रहे हैं। फिल्म में बैड बनी के साथ एडवर्ड नॉर्टन, जेवियर बार्डेम और विग्गो मोर्टेंसन जैसे दिग्गज कलाकार भी नजर आएंगे। रेसिडेंटे ने बयान में कहा, 'मैं बचपन से अपने देश पर फिल्म बनाना चाहता था। प्योर्टो रिको का असली इतिहास हमेशा विवादों में रहा है। यह फिल्म हमारी पहचान को ईमानदारी और तीव्रता के साथ पेश करेगी।'बैड बनी के लिए यह महीना बेहद खास रहा है। सुपर बाउल में धमाकेदार परफॉर्मेंस के बाद उन्होंने ग्रैमी अवॉर्ड्स में इतिहास रच दिया। उनका एल्बम 'देबि तिरार मॉस फोटोस' एल्बम ऑफ द ईयर जीतने वाला पहला स्पेनिश भाषा का एल्बम बना। अब फैंस को बेसब्री से इंतजार है कि म्यूजिक के बाद बैड बनी एक्टिंग की दुनिया में कितना बड़ा धमाका करते हैं।

### टॉलीवुड

## इलैयाराजा को सुप्रीम कोर्ट से लगा झटका, कॉपीराइट से जुड़े केस को किया ट्रांसफर

अदालत ने सोनी म्यूजिक एंटरटेनमेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की उस याचिका को मंजूरी दे दी, मद्रास हाईकोर्ट में दायर मुकदमे को स्थानांतरित करने की मांग की गई थी।



सुनवाई के दौरान सोनी म्यूजिक की तरफ से पेश अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने दलील दी कि बॉम्बे हाई कोर्ट में मुकदमा पहले ही दायर कर दिया गया था। इसलिए मद्रास हाई कोर्ट में चल रही बाद की कार्यवाही को स्थानांतरित कर दिया जाना चाहिए, ताकि एक ही विवाद पर दोनों हाई कोर्ट की तरफ से विरोधी फैसला दिए जाने की संभावना से बचा जा सके। इलैयाराजा की तरफ से पेश अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने इस दलील का विरोध किया और बॉम्बे हाई कोर्ट के क्षेत्राधिकार पर सवाल उठाया। उन्होंने यह दलील दी कि यह विवाद मद्रास स्थित न्यायालय के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आएंगे। सिब्बल ने आरोप लगाया कि सोनी म्यूजिक की तरफ से शुरू की गई कार्यवाही सही नहीं थी। सुनवाई के दौरान, अदालत ने कहा इलैयाराजा ने बॉम्बे हाई कोर्ट के सामने मुकदमे की शुरुआत के खिलाफ कोई राहत नहीं मांगी। इसके बाद बेंच ने सोनी म्यूजिक की ट्रांसफर याचिका को मंजूरी दे दी। अब इस मामले से जुड़े सभी मुद्दे बॉम्बे हाई कोर्ट के सामने उठाए जा सकेंगे। सोनी म्यूजिक ने 13 जनवरी, 2022 को बॉम्बे हाई कोर्ट में कॉपीराइट उल्लंघन का एक मुकदमा दायर किया था। इसमें संगीतकार को कुछ साउंड रिकॉर्डिंग में कथित कॉपीराइट का उल्लंघन करने से रोकने के लिए मांग की गई थी। इसके बाद, इलैयाराजा ने मद्रास हाई कोर्ट में सोनी म्यूजिक, इको रिकॉर्डिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड और ओरिएंटल रिकॉर्ड्स के खिलाफ इसी तरह का एक मुकदमा दायर किया।

### भोजपुरी

## खेसारी संग आकांक्षा का रोमांटिक डांस, एक्टर से लिपटीं तो हैरान यूजर्स ने किए कमेंट

आकांक्षा पुरी इन दिनों खेसारी लाल यादव के साथ खूब भोजपुरी फिल्में और गाने कर रही हैं। अब उन्होंने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह खेसारी के साथ शूट के दौरान रोमांटिक होती नजर आ रही हैं। वीडियो देख यूजर्स हैरान हैं और कमेंट्स कर रहे हैं। देखिए वीडियो और पढ़िए यूजर्स क्या बोलेः इन दिनों भोजपुरी में खेसारी लाल यादव और आकांक्षा पुरी की जोड़ी का जलवा देखने को मिल रहा है। दोनों साथ में न सिर्फ फिल्में कर रहे हैं, बल्कि कई गाने भी कर चुके हैं और कर रहे हैं। आकांक्षा पुरी और खेसारी अब जल्द ही एक और गाने में नजर आएंगे, जिसके शूट का वीडियो एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। वीडियो में आकांक्षा और खेसारी के बीच रोमांटिक एंगल शूट किया जा रहा है। आकांक्षा सीन में खेसारी से लिपटी नजर आ रही हैं। इस पर यूजर्स के काफी कमेंट्स आ रहे हैं।  आकांक्षा पुरी ने यह वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है, और फैंस के बीच सुर्खियां बटोर रहा है। एक यूजर ने लिखा है, 'क्या जोड़ी है खेसारी भैया।' एक बोला, 'आकांक्षा भाभी आई लव यू।' एक ने लिखा, 'सुपरस्टार खेसारी लाल यादव जी और आकांक्षा पुरी जी का जोड़ी बवाल मचा रखी है।' एक यूजर ने कमेंट किया, 'आग लगा दी।' एक बोला, 'बहुत ही खतरनाक।' मालूम हो कि आकांक्षा पुरी और खेसारी लाल यादव हाल ही फिल्म 'अग्निपरीक्षा' में नजर आए।






पिछली बार कोविड-19 के दौर में लाउंजवियर और एथलीज़र चर्चा में आए थे। अब, यह आरामदायक लुक एक नए फ़ैशन ट्विस्ट के साथ आया है। इसमें स्पोर्टी स्टाइल, शानदार फ़ैब्रिक और बेहतरीन कारीगरी का मेल है। यह ऐसा आरामदायक पहनावा है जिसे आप रात के खाने पर बाहर जाते समय भी पहन सकते हैं, और बाज़ार में कुछ खरीदने जाते समय भी।

## मंगलसूत्र के कुछ खास डिजाइंस जो बढ़ा देंगे आपके रूप की शोभा

पुराने ट्रेडिशनल लगने वाले मंगलसूत्र के डिजाइंस से अगर आपका मन भी ऊब गया है, तो आपके लिए कुछ ऐसे मंगलसूत्र के डिजाइंस,जो आपका मन मोह लेंगे। आप ऑर्डर पर अपने लिए इन्हें कस्टमाइज कराने के लिए मजबूर हो जाएंगी।

### अमेरिकन डायमंड मंगलसूत्र डिजाइंस

अब काले मोती की लड़ में सोने का लटकटा पेंडेंट वाला मंगलसूत्र आउटडेटेड हो चला है। अब जमान फैंसी लुक वाले मंगलसूत्र का है और सोने के मंगलसूत्र में आपको बहुत सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। मंगलसूत्र में अमेरिकन डायमंड वाला छोटा या बड़ा पेंडेंट भी लगवा सकती हैं। जहां तक बात काले मोती की है, तो अब शगुन के 11 या 21 काले मोती के साथ भी मंगल सूत्र तैयार हो रहे हैं, तो आप भी अपने लिए ऑर्डर पर ऐसा ही मंगलसूत्र बनवा सकती हैं।



### नाम और फोटो वाले मंगलसूत्र डिजाइंस

नाम वाले मंगलसूत्र का फैशन नया नहीं है, मगर इस डिजाइन का क्रेज अभी तक महिलाओं के अंदर है और अब इसमें नया अपडेट यह है कि आपको फोटो फ्रेम के साथ इस तरह के मंगलसूत्र मिल जाएंगे, जिसमें आप अपनी शादी की तस्वीर या फिर पति की फोटो लगवा सकती हैं। यदि दिखने में बहुत अच्छे लगते हैं। इस तरह के मंगलसूत्र में आपको डिजाइन ऑप्शन कम मिलेंगे, मगर आप फॉन्ट को अपनी पसंद के अनुसार चुनकर मंगलसूत्र को थोड़ा नया लुक दे सकती हैं।

### कुंदन मंगलसूत्र डिजाइन

अगर आप हाथ और गले दोनों के लिए मैचिंग मंगलसूत्र डिजाइन तलाश रही हैं, तो आपको गोल्ड एवं आर्टिफीशियल दोनों में ही इस तरह के मंगलसूत्र मिल जाएंगे। यदि सिंपल कुंदन डिजाइन के मंगलसूत्र डिजाइन की तलाश में हैं, तो आपको इसमें छोटे और बड़े दोनों प्रकार के कुंदन में अलग-अलग शेप में मंगलसूत्र के पेंडेंट मिल जाएंगे, आपको केवल उनमें अपनी पसंद की चेन लगवानी होगी। इस तरह के मंगलसूत्र भी डेली वियर होते हैं और कैरी करने में लाइटवेट होते हैं।

## ऑफिस की पार्टी में बिखेरना है जलवा, ऐसे कपड़ों का करें चयन



लोग अपनी असल जिंदगी में कितने भी स्टाइलिश हों, लेकिन जब बात दफ्तर की आती है तो हर कोई अपने दफ्तर में थोड़ा सिंपल लुक कैरी करना ही पसंद करता है। पर, जब भी कभी दफ्तर में पार्टी होती है तो हर कोई उस पार्टी में अपना स्टाइलिश और ग्लैमरस अंदाज दिखाना चाहता है। लड़कों के लिए पार्टी का आउटफिट चयन करने में कोई परेशानी नहीं होती, लेकिन जब बारी लड़कियों की आती है तो उन्हें पार्टी में जाने के लिए काफी सोचना पड़ता है। हर लड़की ऑफिस की पार्टी में जाने से पहले अपने आउटफिट से लेकर मेकअप तक का खास ध्यान रखती है। इसके लिए वो कई दिन पहले से ही तैयारी शुरू कर देती है। अगर आपके दफ्तर में भी पार्टी है और आप कपड़ों को लेकर संशय में हैं तो अपना संशय दूर करें। आप पार्टी में तैयार होने के लिए कुछ अभिनेत्रियों के लुक्स पर नजर डाल सकती हैं।  इस अभिनेत्रियों से टिप्स लेकर आप आउटफिट की खरीदारी कर सकती हैं।





**जमसूटः** अगर पार्टी में बॉस लेडी लुक कैरी करना चाहती हैं तो इस तरह का जमसूट कैरी करें। ये आपको खूबसूरत के साथ स्टाइलिश दिखने में मदद करेगा। इस लुक के साथ आप हिना खान के जैसी ही पोनीटेल भी बना सकती हैं।
**सीक्विन को-ऑर्ड सेटः** रात की पार्टी मे अगर कुछ शिमरी पहनना चाहती हैं तो ऐसे सीक्विन फैब्रिक का ऐसा को-ऑर्ड सेट आप कैरी कर सकती हैं। इसके साथ आप अगर थोड़ा डार्क मेकअप करेंगी तो भी आपका लुक प्यारा दिखेगा। इसके साथ भी हील्स ही कैरी करें, तभी आपका लुक अच्छा दिखेगा।
**बार्बी ड्रेसः** अगर क्यूट दिखना चाहती हैं तो ऐसी बार्बी लुक वाली ड्रेस को आप पार्टी में पहनकर जा सकती हैं। ऐसी ड्रेस के साथ अपने मेकअप को मिनिमल रखें और बालों को खुला रख के उसपर बो क्लिप लगाएं। ये लुक भी पार्टी के लिए परफेक्ट रहेगा।
**शॉर्ट ड्रेसः** अगर ग्लैरमस अंदाज दिखाना चाहती हैं तो इस तरह की शॉर्ट ड्रेस को अपने कलेक्शन में शामिल करें।

## इनके इस्तेमाल से छुड़ाएं नेल पॉलिश

हर लड़की की खूबसूरती में उनके नाखून चार चांद लगाते हैं। नाखूनों की खूबसूरती को और बढ़ाने के लिए बाजार में तमाम रंगों की नेल पॉलिश मिलती हैं। जिसका इस्तेमाल लड़कियां अपने आउटफिट के रंगों से मैच करके करती हैं।
बहुत सी लड़कियां तो हर रोज नेल पॉलिश का इस्तेमाल करती हैं। इसके लिए उन्हें हर रोज नेल पॉलिश छुड़ानी भी पड़ती है। नेल पॉलिश छुड़ाने के लिए नेल पेंट रिमूवर इस्तेमाल किया जाता है, जो बेहद कम दाम में आसानी से उपलब्ध हो जाता है।
लिक्विड के साथ-साथ अब तो नेल रिमूवर वाइप्स भी बाजार में मिलते हैं। सोचिए अगर आपको अर्जेंट कहीं जाना हो और नेल रिमूवर खत्म हो जाए तो आप क्या करेंगी। इसके परेशानी के चलते हम आपको कुछ ऐसी घरेलू चीजों के बारे में बताएंगे, जिनका इस्तेमाल आप नेल रिमूवर की जगह कर सकती हैं। इन चीजों के इस्तेमाल के लिए आपको तुरंत बाजार नहीं जाना पड़ेगा।
**गर्म पानीः** नेल रिमूवर खत्म होने के बावजूद आप सिर्फ गर्म पानी के इस्तेमाल से भी नेल पॉलिश हटा सकती हैं। इसके लिए आपको बस अपने नाखूनों को गर्म पानी में डूबो कर



रखना है। कुछ देर गर्म पानी में नाखूनों को डुबो कर रखने के बाद रुई की मदद से नेल पॉलिश को साफ करें।
**सिरका और नींबूः** हर घर में सिरका और नींबू तो मिल ही जाता है, जिसका इस्तेमाल आप क्लींजर के रूप में कर सकती हैं। इसके लिए बस एक कटोरी में सिरका लेकर उसमें नींबू की कुछ बूंदे मिलाएं और इसमें नाखूनों को डुबो कर रखें। इसके बाद आप रुई की मदद से नेल पेंट को हटा सकती हैं।
**टूथपेस्टः** हर घर में मौजूद टूथपेस्ट दांतों को चमकाने के साथ-साथ नेल पॉलिश हटाने में भी काम आता है। इसके लिए आपको टूथपेस्ट को अपने नाखूनों पर लगाकर रुई की मदद से धीरे-धीरे रगड़ना है। इससे आपके नाखून अच्छे से साफ हो जाएंगे।

## बुखार से डल हो गया है चेहरा तो अपनाएं ये घरेलू तरीके, त्वचा में आएगी चमक

आजकल बदलते मौसम की वजह से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। कई बार बुखार की वजह से लोगों का हाल काफी बेहाल हो जाता है। बहुत से लोगों के चेहरे पर दवाईयों की वजह से पिंपल्स होने लगे हैं तो कईयों का चेहरा काफी डल हो जाता है।
आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे जानना चाहिए हैं, जिनको अपनाकर आप अपना निखरता हुआ चेहरा वापस पा सकते हैं। इन तरीकों को अपनाने के लिए आपको ज्यादा पैसे खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बस कुछ चीजों के इस्तेमाल से ही आपका चेहरा खिल उठेगा। आइए देर ना करते हुए आपको इन चीजों के बारे में बताते हैं।
**नीमः** अगर दवाईयां खाने की वजह से आपके चेहरे पर ज्यादा पिंपल्स निकल रहे हैं तो नीम आपके लिए रामबाण है। इसके इस्तेमाल के लिए आपको नीम के



पत्तों को पीसकर उसमें थोड़ी से हल्दी मिलानी है। इस पैक को चेहरे पर कुछ देर लगाने के बाद सादे पानी से चेहरा धो दें। इससे आपको जरूर फायदा मिलेगा।
**टमाटरः** स्किन का ग्लो वापस पाने के लिए आप टमाटर का इस्तेमाल कर सकते हैं। टमाटर को मैश करके उसमें थोड़ी सी चीनी या फिर शहद मिक्स करें और चेहरे पर लगाएं। इससे आप स्क्रब भी कर सकते हैं।
**तुलसीः** पूजा के साथ-साथ तुलसी का इस्तेमाल आप चेहरे के ग्लो को बरकरार रखने के लिए भी कर सकते हैं। तुलसी के पत्तों को पीस कर आप चेहरे पर लगा सकते हैं।
**चंदनः** अगर आपका चेहरा बुखार की वजह से काफी डल हो गया है तो चंदन को घिसें और पेस्ट बनाकर चेहरे पर लगा लें। इस पैक को सूखने के बाद ठंडे पानी से चेहरा धो लें।
**शहदः** शहद में कई ऐसे गुण मौजूद होते हैं, जो त्वचा के लिए बेहद लाभदायक हैं। अगर आप एक चम्मच शहद से अपने चेहरे पर मसाज करेंगे तो आपको जरूर फायदा मिलेगा। इसका नियमित रूप से इस्तेमाल करने पर आपका चेहरा खिल उठेगा।
**एलोवेराः** नियमित रूप से चेहरे पर एलोवेरा का इस्तेमाल करने पर आपके चेहरे को ठंडक मिलेगी। इसके इस्तेमाल के लिए आपको बस एलोवेरा की पत्ती का जेल निकालकर चेहरे पर लगाना है।

कार्नर न्यूज

### इस मौसम में नया लुक देते हैं ओवरसाइज्ड आउटफिट भी

## गर्मियों के दौरान पुरुष अपनाएं ऐसे फैशन टिप्स, मिलेगा कूल और स्टाइलिश लुक

गर्मी के मौसम में शॉर्ट्स और ओवरसाइज्ड टी-शर्ट घर में पहनने के लिए सबसे अच्छे आउटफिट्स में से एक है, लेकिन यह किसी अवसर के हिसाब से सही नहीं है। किसी भी अवसर के लिए आपका ड्रेसिंग सेंस अच्छा होना चाहिए। साथ ही ग्रूमिंग स्टाइल भी मौसम के अनुसार होना चाहिए। आप ये फैशन टिप्स फॉलो करें, ताकि आपको गर्मियों में किसी भी अवसर पर कूल और स्टाइलिश लुक मिल सके।

### कपड़े फिट तो आप हिट

गर्मियों में कई पुरुष ढीले-ढाले कपड़े पहनना पसंद करते हैं, लेकिन इससे आपका फैशन खराब होता है। कपड़े कितने ही महंगे क्यों न हों या फिर कितने ही मनपसंद क्यों न हों, अगर ये आपकी बॉडी पर फिट नहीं बैठ रहे हैं तो लुक के लिए की गई आपकी सारी मेहनत बिल्कुल बेअसर हो जाएगी। इसी कारण जरूरी है कि आप मुलायम फैब्रिक के बॉडी फिट कपड़ों का ही चयन करें।



### सफेद रंग के कपड़े चुनें

एक सफेद शर्ट या टी-शर्ट न केवल जींस या ट्राउजर के साथ अच्छी लगती है, बल्कि यह चिलचिलाती गर्मी में आपके शरीर को ठंडा रखने में भी मदद करती है। अगर आप पसीने के दाग के कारण सफेद पहनने से कतराते हैं तो इसकी जगह हल्के रंग के कपड़े चुनें और जींस की जगह ट्राउजर पहनें क्योंकि यह हल्का और आरामदायक होता है। महिलाओं पर भी ये सफेद रंग के आउटफिट्स खूब जंचते हैं।

### जितना रहेंगे सोबर, उतना लगेंगे बेहतर

कई पुरूषों का माना है कि वे जितने ब्राइट और ज्यादा पैटर्न वाले कपड़े पहनेंगे, वे उतने स्टाइलिश रहेंगे, जो कि उनकी गलतफहमी है। यह लोगों का ध्यान खींचने में तो मदद करता है, लेकिन गलत ढंग से, इसलिए हमेशा सिंपल-सोबर और साफ-सुथरे रहें। इसी के साथ अपनी स्किन का भी अच्छे से ख्याल रखें क्योंकि ऊपरी तौर पर दिखने वाली चीजों के साथ बेसिक सुधारों पर भी ध्यान देना जरूरी है।

### टोपी पहनने में न शर्माएं

गर्मियों के दौरान लोग टोपी पहनना पसंद नहीं करते हैं, लेकिन आप इसे अपनी स्टाइल का हिस्सा बनाने में बिल्कुल भी न हिचकिचाएं। इसकी मदद से न सिर्फ आपका सिर सूरज की हानिकारक पराबैंगनी किरणों से सुरक्षित रह सकता है, बल्कि इससे आपको कूल लुक भी मिल सकता है। पुरुषों को इसके साथ प्रयोग करने से नहीं शर्माना चाहिए।

